

# Chapter 28 प्रायिकता

## प्रस्तावना (Introduction)

प्रायिकता सिद्धान्त में हम घटनाओं के होने की संभावनाओं का आंकिक अध्ययन करते हैं।

प्रायिकता सिद्धान्त का अनुप्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में होता है तथा सिद्धान्त का लचीलापन विभिन्न आवश्यकताओं के लिए सहायता प्रदान करता है।

## विभिन्न पदों की परिभाषायें (Definitions of various terms)

(1) **प्रतिदर्श समष्टि** (Sample space) **:** किसी प्रयोग (यदृच्छया परीक्षण) के सभी सम्भावित परिणामों के समुच्चय को प्रतिदर्श समष्टि कहते हैं। इसे सामान्यतया $S$ द्वारा व्यक्त करते हैं तथा प्रयोग का प्रत्येक परिणाम प्रतिदर्श बिन्दु कहलाता है।

(2) **घटना** (Event) **:** प्रतिदर्श समष्टि के किसी उपसमुच्चय को घटना कहते हैं।

(i) **सरल घटना** (Simple event) **:** वह घटना जिसमें केवल एक ही प्रतिदर्श बिन्दु हो, साधारण अथवा सरल घटना कहलाती है।

(ii) **संयुक्त घटना** (Compound events) **:** दो या दो से अधिक सरल घटनाओं को एक साथ मिलाकर एक संयुक्त घटना या विघटनीय प्राप्त होती हैं।

(iii) **समसम्भावी घटनायें** (Equally likely events) **:** यदि दो या अधिक घटनाओं में से प्रत्येक के घटित होने की सम्भावना समान है, तो ऐसी घटनायें समसम्भावी घटनायें कहलाती हैं। .

(iv) **परस्पर अपवर्जी घटनायें या सह-अपवर्जक घटनायें** (Mutually exclusive or disjoint events **:** घटनायें परस्पर अपवर्जी या सह-अपवर्जक कहलाती हैं, यदि इनमें से कोई एक घटना घटित हो, तो शेष घटनायें घटित नहीं हो सकतीं हैं।

(v) **परस्पर अनअपवर्जी घटनायें :** वे घटनायें जो परस्पर अपवर्जी नहीं हैं, परस्पर अनअपवर्जी घटनायें कहलाती हैं।

(vi) **स्वतंत्र घटनायें** (Independent events) **:** घटनायें स्वतंत्र कहलाती हैं यदि किसी घटना के होने या न होने का प्रभाव दूसरी घटनाओं के होने या न होने पर न पड़ता हो।

(vii) **परतंत्र (आश्रित) घटनायें** (Dependent events) **:** दो या अधिक घटनायें परतंत्र होंगी यदि किसी घटना के घटित होने से अन्य घटनायें आंशिक या पूर्णतः प्रभावित हों।

(3) **निःशेष स्थितियों की संख्या** (Exhaustive number of cases)**:** किसी यदृच्छया प्रयोग में सभी सम्भव परिणामों की संख्या निः शेष स्थिति संख्या कहलाती है।

(4) **अनुकूल स्थितियों की संख्या** (Favourable number of cases) **:** किसी प्रयोग में किसी घटना के लिए अनुकूल स्थितियों की संख्या उन सरल घटनाओं की कुल संख्या है, जिनमें से किसी एक के घटित होने से अभीष्ट घटना का होना समझा जाता है।

(5) **परस्पर अपवर्जी तथा निःशेष घटना निकाय :** माना किसी यदृच्छया प्रयोग से सम्बन्धित प्रतिदर्श समष्टि $S$ है। माना $A_1, A_2, .....A_n$, $S$ के उपसमुच्चय इस प्रकार हैं कि

(i) $A_i \cap A_j = \phi$ , $i \neq j$ के लिए तथा (ii) $A_1 \cup A_2 \cup .... \cup A_n = S$

तब घटनायें $A_1, A_2, ....., A_n$ परस्पर अपवर्जी तथा निःशेष घटना निकाय बनाते हैं।

यदि $E_1, E_2, ....., E_n$ किसी यदृच्छया प्रयोग से सम्बन्धित सरल घटनायें हैं, तो

(i) $E_i \cap E_j = \phi$ , $i \neq j$ के लिए तथा (ii) $E_1 \cup E_2 \cup .... \cup E_n = S$

अतः किसी यदृच्छया प्रयोग से सम्बन्धित सरल घटनाओं का संग्रह सर्वथा परस्पर अपवर्जी तथा निःशेष घटना-निकाय बनाता हैं।

इस निकाय के लिए ,

$P(A_1 \cup A_2 ....... \cup A_n) = P(A_1) + P(A_2) + ..... + P(A_n) = 1$ .

## प्रायिकता की चिरसम्मत परिभाषा
### (Classical definition of probability)

यदि किसी घटना $A$ के लिए $n$ निःशेष, परस्पर अपवर्जी तथा समप्रायिक स्थितियाँ हों जिनमें $m$ स्थितियाँ उसके अनुकूल हों, तो घटना $A$ की प्रायिकता है

$$P(A) = \frac{m}{n} = \frac{A \text{ की अनुकूल स्थितियों की संख्या}}{\text{कुल परिणामों की संख्या}}$$

यह स्पष्ट है कि $0 \le m \le n$. यदि किसी घटना का होना निश्चित, हो, तो $m = n$, अतः $P(A) = 1$.

यदि $A$ का घटित होना असम्भव हो, तो $m = 0$ अतः तब $P(A) = 0$ अतः हम कह सकते हैं कि प्रत्येक घटना के लिए $0 \le P(A) \le 1$.

पुनः यदि $\overline{A}$ घटना $A$ के घटित न होने को व्यक्त करे, तो उपर्युक्त $m, n$ की स्थिति में $P(\overline{A}) = \frac{n-m}{n} = 1 - \frac{m}{n} = 1 - P(A)$

$\therefore\ P(A) + P(\overline{A}) = 1$ .

**संकेतन** (Notations) **:** दो घटनाओं $A$ एवं $B$ के लिए,

(i) $A'$ या $\overline{A}$ या $A^C$, $A$ के पूरक या घटित न होने को व्यक्त करता है।

(ii) $A \cup B$, $A$ तथा $B$ में से कम से कम एक के घटित होने को व्यक्त करता है।

(iii) $A \cap B$, $A$ तथा $B$ के एक साथ घटित होने को व्यक्त करता है।

(iv) $A' \cap B'$, $A$ तथा $B$ दोनों के घटित नहीं होने को व्यक्त करता है।

(v) $A \subseteq B$ व्यक्त करता है कि $A$ के घटित होने पर $B$ भी घटित होगा।

## क्रमचय तथा संचय पर आधारित प्रश्न
**(Problems based on permutation and combination)**

(1) **क्रमचय या व्यवस्था पर आधारित प्रश्न** (Problems based on permutation or arrangement) : क्रमचय या व्यवस्था पर आधारित प्रश्नों के हल में ${}^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!}$ का प्रयोग करते हैं।

(2) संचय पर आधारित प्रश्नों के हल में ${}^nC_r = \frac{n!}{r!(n-r)!}$ का प्रयोग करते हैं।

## किसी घटना के अनुकूल व प्रतिकूल संयोगानुपात
**(Odds in favour and odds against an event)**

किसी प्रयोग के परिणामस्वरूप घटना $E$ के अनुकूल परिस्थितियाँ '$a$' एवं प्रतिकूल परिस्थितियाँ '$b$' हों, तो

घटना $E$ के अनुकूल संयोगानुपात

$$= \frac{\text{अनुकूल परिस्थितियाँ}}{\text{प्रतिकूल परिस्थितियाँ}} = \frac{a}{b} = \frac{a/(a+b)}{b/(a+b)} = \frac{P(E)}{P(\overline{E})}.$$

इसी प्रकार $E$ के प्रतिकूल संयोगानुपात

$$= \frac{\text{प्रतिकूल परिस्थितियाँ}}{\text{अनुकूल परिस्थितियाँ}} = \frac{b}{a} = \frac{P(\overline{E})}{P(E)}.$$

## प्रायिकता का योगशील प्रमेय (Addition theorem on probability)

**संकेत** (Notations) :

$P(A+B)$ या $P(A \cup B)$ = $A$ या $B$ के घटित होने की प्रायिकता

= $A$ या $B$ या दोनों के घटित होने की प्रायिकता

= $A$ तथा $B$ में से कम से कम एक के घटित होने की प्रायिकता

$P(AB)$ या $P(A \cap B)$

= $A$ तथा $B$ के एक साथ घटित होने की प्रायिकता

(1) **जब घटनायें परस्पर अपवर्जी न हों** (When events are not mutually exclusive) **:** यदि $A$ तथा $B$ दो घटनायें हैं, जो परस्पर अपवर्जी नहीं हैं, तो $P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$

या $P(A+B) = P(A) + P(B) - P(AB)$.

किन्ही तीन घटनाओं $A, B, C$ के लिए

$$P(A \cup B \cup C) = P(A) + P(B) + P(C) - P(A \cap B) - P(B \cap C) - P(C \cap A) + P(A \cap B \cap C)$$

या $P(A+B+C) = P(A) + P(B) + P(C) - P(AB) - P(BC) - P(CA) + P(ABC)$

(2) **जब घटनायें परस्पर अपवर्जी हों** (When events are mutually exclusive) **:** यदि $A$ तथा $B$ दो परस्पर अपवर्जी घटनायें हैं, तो

$n(A \cap B) = 0 \Rightarrow P(A \cap B) = 0$

$\therefore\ P(A \cup B) = P(A) + P(B)$.

किन्हीं तीन घटनाओं $A, B, C$ जो परस्पर अपवर्जी हैं, के लिए

$P(A \cap B) = P(B \cap C) = P(C \cap A) = P(A \cap B \cap C) = 0$;

$\therefore\ P(A \cup B \cup C) = P(A) + P(B) + P(C)$.

कई परस्पर अपवर्जी घटनाओं में से किसी एक के घटित होने की प्रायिकता उन सभी घटनाओं की प्रायिकताओं के योग के बराबर होती है अर्थात् यदि $A_1, A_2 ..... A_n$ परस्पर अपवर्जी घटनायें हों, तो

$$P(A_1 + A_2 + ... + A_n) = P(A_1) + P(A_2) + ..... + P(A_n)$$

अर्थात् $P(\sum A_i) = \sum P(A_i)$.

(3) **जब घटनायें स्वतंत्र हों** (When events are independent) **:** यदि $A$ तथा $B$ दो स्वतंत्र घटनायें हैं, तो $P(A \cap B) = P(A).P(B)$

$\therefore\ P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A).P(B)$.

(4) **कुछ महत्वपूर्ण प्रमेय** (Some other theorems)

(i) माना $A$ तथा $B$ किसी यदृच्छया प्रयोग से सम्बन्धित दो घटनायें हैं, तब (a) $P(\overline{A} \cap B) = P(B) - P(A \cap B)$

(b) $P(A \cap \overline{B}) = P(A) - P(A \cap B)$

यदि $B \subset A$, तब

(a) $P(A \cap \overline{B}) = P(A) - P(B)$ (b) $P(B) \le P(A)$

इसी प्रकार यदि $A \subset B$, तो

(a) $P(\overline{A} \cap B) = P(B) - P(A)$ (b) $P(A) \le P(B)$

$A$ तथा $B$ में से किसी भी घटना के घटित न होने की प्रायिकता

$$P(\overline{A} \cap \overline{B}) = P(\overline{A \cup B}) = 1 - P(A \cup B).$$

(ii) **योगशील प्रमेय का व्यापीकरण** (Generalization of the addition theorem) **:** यदि $A_1, A_2, ......, A_n$ किसी यदृच्छया अभिप्रयोग से सम्बन्धित घटनायें हों, तो,

$$P\left(\bigcup_{i=1}^{n} A_i\right) = \sum_{i=1}^{n} P(A_i) - \sum_{\substack{i,j=1 \\ i \ne j}}^{n} P(A_i \cap A_j) + \sum_{\substack{i,j,k=1 \\ i \ne j \ne k}}^{n} P(A_i \cap A_j \cap A_k) + ... + (-1)^{n-1} P(A_1 \cap A_2 \cap ..... \cap A_n).$$

यदि सभी घटनायें $A_i (i = 1, 2 ..., n)$ परस्पर अपवर्जी हों, तो

$$P\left(\bigcup_{i=1}^{n} A_i\right) = \sum_{i=1}^{n} P(A_i)$$

अर्थात् $P(A_1 \cup A_2 \cup .... \cup A_n) = P(A_1) + P(A_2) + .... + P(A_n)$

(iii) **बूली की असमिका** (Booley's inequality) **:** यदि $A_1, A_2, .... A_n$ किसी यदृच्छया अभिप्रयोग से सम्बन्धित $n$ घटनायें हैं, तो

(a) $P\left(\bigcap_{i=1}^{n} A_i\right) \ge \sum_{i=1}^{n} P(A_i) - (n-1)$ (b) $P\left(\bigcup_{i=1}^{n} A_i\right) \le \sum_{i=1}^{n} P(A_i)$

ये परिणाम गणितीय आगमन के सिद्धान्त द्वारा प्रमाणित किये जा सकते हैं।

## प्रतिबन्धी प्रायिकता (Conditional probability)

माना $A$ तथा $B$ किसी यादृच्छिक अभिप्रयोग से सम्बन्धित दो घटनायें हैं, तब $A$ की प्रायिकता, जबकि $B$ घटित हो चुकी हो तथा $P(B) \neq 0$, $B$ के सापेक्ष $A$ की प्रतिबन्धी प्रायिकता कहलाती है, जिसे $P(A/B)$ द्वारा व्यक्त करते हैं।

अतः $P(A/B) = A$ की प्रायिकता, जबकि $B$ घटित हो चुकी है

$$= \frac{P(A \cap B)}{P(B)} = \frac{n(A \cap B)}{n(B)}.$$

इसी प्रकार, $P(B/A) = B$ की प्रायिकता, जबकि $A$ घटित हो चुकी है

$$= \frac{P(A \cap B)}{P(A)} = \frac{n(A \cap B)}{n(A)}.$$

कभी-कभी $P(A/B)$ द्वारा $A$ के घटित होने की प्रायिकता, जब $B$ घटित हो, को व्यक्त करते हैं। इसीप्रकार $P(B/A)$ द्वारा $B$ के घटित होने की प्रायिकता, जब $A$ घटित हो, को व्यक्त करते हैं।

(1) **प्रायिकता का गुणन प्रमेय** (Multiplication theorem on probability)

(i) यदि $A$ तथा $B$ किसी यादृच्छिक अभिप्रयोग से सम्बन्धित दो घटनायें हैं, तब $P(A \cap B) = P(A).P(B/A)$, यदि $P(A) \neq 0$ या $P(A \cap B) = P(B).P(A/B)$, यदि $P(B) \neq 0$

(ii) **गुणन प्रमेय का प्रसार** (Extension of multiplication theorem) **:** यदि $A_1, A_2, ...., A_n$ किसी यादृच्छिक अभिप्रयोग से सम्बन्धित $n$ घटनायें हैं, तब

$$P(A_1 \cap A_2 \cap A_3 \cap .... \cap A_n) = P(A_1) P\left(\frac{A_2}{A_1}\right) P\left(\frac{A_3}{A_1 \cap A_2}\right) .... P(A_n / A_1 \cap A_2 \cap ... \cap A_{n-1}),$$

जहाँ $P(A_i / A_1 \cap A_2 \cap ... \cap A_{i-1})$, $A_i$ की प्रतिबन्धी प्रायिकता को दर्शाता है, जबकि घटनायें $A_1, A_2, ....., A_{i-1}$ घटित हो चुकी हों।

(iii) **स्वतंत्र घटनाओं के लिए गुणन प्रमेय** (Multiplication theorems for independent events) **:** यदि $A$ तथा $B$ किसी यादृच्छिक अभिप्रयोग से सम्बन्धित दो स्वतंत्र घटनायें हों, तो $P(A \cap B) = P(A).P(B)$ अर्थात् दो स्वतंत्र घटनाओं के एक साथ घटित होने की प्रायिकता उनकी प्रायिकताओं के गुणनफल के बराबर है। गुणन-प्रमेय से हम पाते हैं, $P(A \cap B) = P(A).P(B/A)$.

चूँकि $A$ तथा $B$ स्वतंत्र घटनायें हैं, अतः $P(B/A) = P(B)$. इसलिए $P(A \cap B) = P(A).P(B)$.

(iv) **स्वतंत्र घटनाओं के लिए गुणन-प्रमेय का विस्तार** (Extension of multiplication theorem for independent events) **:** यदि $A_1, A_2, ...., A_n$ किसी यादृच्छिक अभिप्रयोग से सम्बन्धित $n$ स्वतंत्र घटनायें हैं, तब $P(A_1 \cap A_2 \cap A_3 \cap ... \cap A_n) = P(A_1)P(A_2)...P(A_n)$.

गुणन प्रमेय से, हम पाते हैं

$$P(A_1 \cap A_2 \cap A_3 \cap ... \cap A_n) = P(A_1)P(A_2/A_1) P(A_3/A_1 \cap A_2)...P(A_n/A_1 \cap A_2 \cap ... \cap A_{n-1})$$

चूँकि $A_1, A_2, ...., A_{n-1}, A_n$ स्वतंत्र घटनायें हैं,

अतः $P(A_2/A_1) = P(A_2), P(A_3/A_1 \cap A_2) = P(A_3), ....,$

$P(A_n/A_1 \cap A_2 \cap ... \cap A_{n-1}) = P(A_n)$

इसलिए, $P(A_1 \cap A_2 \cap ... \cap A_n) = P(A_1)P(A_2)....P(A_n)$.

(2) ***n* स्वतंत्र घटनाओं में से कम से कम एक की प्रायिकता :** यदि $n$ स्वतंत्र घटनाओं $A_1, A_2, A_3, ........, A_n$ की प्रायिकतायें क्रमशः $p_1, p_2, p_3, ........, p_n$ हों, तो

(i) उनमें से किसी भी घटना के न होने की प्रायिकता

$$= P(\overline{A}_1 \cap \overline{A}_2 \cap \overline{A}_3 ...... \cap \overline{A}_n) = P(\overline{A}_1).P(\overline{A}_2).P(\overline{A}_3).....P(\overline{A}_n) = (1-p_1)(1-p_2)(1-p_3)....(1-p_n)$$

(ii) उनमें से कम से कम एक के घटित होने की प्रायिकता

$$= P(A_1 \cup A_2 \cup A_3 .... \cup A_n) = 1 - P(\overline{A}_1)P(\overline{A}_2)P(\overline{A}_3)....P(\overline{A}_n) = 1-(1-p_1)(1-p_2)(1-p_3)...(1-p_n)$$

(iii) केवल प्रथम घटना के होने तथा अन्य के न होने की प्रायिकता

$$= P(A_1)P(\overline{A}_2)P(\overline{A}_3).....P(\overline{A}_n) = p_1(1-p_2)(1-p_3).......(1-p_n)$$

## पूर्ण प्रायिकता का प्रमेय तथा बे का नियम (Total probability and Baye's rule)

(1) **पूर्ण प्रायिकता का नियम** (The law of total probability) **:** माना किसी यादृच्छिक अभिप्रयोग से सम्बन्धित प्रतिदर्श समष्टि $S$ है तथा माना $E_1, E_2, ..... E_n$ परस्पर अपवर्जी तथा निःशेष (exhaustive) $n$ घटनायें हैं। यदि $A$ एक घटना है, जो $E_1$ या $E_2$ या .... या $E_n$ के घटित होने पर घटित होती है, तब

$$P(A) = P(E_1)P(A/E_1) + P(E_2)P(A/E_2) + ... + P(E_n)P(A/E_n)$$

(2) **बे का नियम** (Baye's rule) **:** माना $S$ प्रतिदर्श समष्टि है तथा $E_1, E_2, ..... E_n$, $n$ परस्पर अपवर्जी घटनायें इस प्रकार हैं कि $\bigcup_{i=1}^{n} E_i = S$ तथा $P(E_i) > 0$ ($i$ = 1, 2, ......, $n$ के लिए)। $E_i$ इत्यादि के सन्दर्भ में यह कहा जा सकता है कि ये किसी अभिप्रयोग के परिणामों के कारण हैं। प्रायिकतायें $P(E_i)$, $i$ = 1, 2, ....., $n$ इत्यादि पूर्व प्रायिकतायें कहलाती हैं। माना कि अभिप्रयोग का एक परिणाम घटना $A$ है, जहाँ $P(A) > 0$. हमें इस बात की प्रयिकता ज्ञात करनी है कि घटना $A$ के घटित होने के कारण $E_i$ है, अर्थात् हमें प्रतिबन्धित प्रायिकता $P(E_i/A)$ ज्ञात करना है। ये प्रायिकतायें पश्च प्रायिकतायें कहलाती हैं, जो बे के नियम द्वारा परिभाषित हैं।

$$P(E_i/A) = \frac{P(E_i).P(A/E_i)}{\sum_{k=1}^{n} P(E_k)P(A/E_k)}.$$

## द्विपद बंटन (Binomial distribution)

(1) **प्रायिकता की ज्यामितीय विधि** (Geometrical method for probability) **:** जब प्रतिदर्श समष्टि में प्रतिदर्श बिन्दुओं की संख्या अनन्त हो तब प्रायिकता की चिरसम्मत परिभाषा उपयोगी नहीं होती है। उदाहरणतया यदि हमें इस बात की प्रायिकता ज्ञात करनी है कि अन्तराल [1, 6] में यदृच्छया चुना गया एक बिन्दु अन्तराल [1, 2] या [5, 6] में विद्यमान है, तो हम प्रायिकता की चिरसम्मत परिभाषा का उपयोग नहीं कर सकते। इस अवस्था में हम प्रायिकता को निम्न प्रकार से परिभाषित करते हैं :

$$P\{x \in A\} = \frac{A \text{ के क्षेत्र की माप}}{\text{प्रतिदर्श समष्टि } S \text{ की माप}},$$

जहाँ माप $S$ के एक विमीय, द्वि-विमीय या त्रि-विमीय क्षेत्र होने के अनुसार लम्बाई, क्षेत्रफल या आयतन को व्यक्त करता है।

(2) **प्रायिकता बंटन** (Probability distribution) **:** माना $S$ एक प्रतिदर्श समष्टि है। यादृच्छिक चर $X$, समुच्चय $S$ से $R$ (वास्तविक संख्याओं का समुच्चय) में एक फलन है।

उदाहरण के लिए, एक जोड़े पाँसे को फेंके जाने पर प्रतिदर्श समष्टि

$$S = \begin{matrix} \{11, & 12, & \cdots, & 16 \\ 21, & 22, & \cdots, & 26 \\ \vdots & \vdots & \ddots & \vdots \\ 61, & 62, & \cdots, & 66\} \end{matrix}$$

माना $X$ पाँसे के ऊपरी फलक पर अंकित संख्याओं का योग है। तब $X(12) = 3, X(43) = 7$, इत्यादि एवं $\{X = 7\}$ घटना {61, 52, 43, 34, 25, 16} है। साधारणतया $X$ प्रतिदर्श समष्टि $S$ में परिभाषित एक यादृच्छिक चर है तथा $r$ एक वास्तविक संख्या है, तब $\{X = r\}$ एक घटना है। यदि यादृच्छिक चर $X$ के $n$ अलग-अलग मान $x_1, x_2, ...., x_n$ हों, तो $\{X = x_1\}$, $\{X = x_2\}, ...., \{X = x_n\}$ परस्पर अपवर्जी तथा निःशेष घटनायें हैं।




अब चूँकि $(X = x_i)$ एक घटना है, हम $P(X = x_i)$ पर विचार कर सकते हैं। यदि $P(X = x_i) = P_i (1 \le i \le n)$, तब संख्या निकाय

$$\begin{pmatrix} x_1 & x_2 & \cdots & x_n \\ p_1 & p_2 & \cdots & p_n \end{pmatrix}$$

को यादृच्छिक चर $X$ का प्रायिकता बंटन कहते हैं। यादृच्छिक चर $X$ की सम्भावना (माध्य) को निम्न प्रकार परिभाषित करते हैं $E(X) = \sum_{i=1}^{n} p_i x_i$

तथा $X$ के प्रसरण को निम्न द्वारा परिभाषित करते हैं $\text{var}(X) = \sum_{i=1}^{n} p_i (x_i - E(X))^2 = \sum_{i=1}^{n} p_i x_i^2 - (E(X))^2$ .

(3) **द्विपद प्रायिकता बंटन** (Binomial probability distribution) : यादृच्छिक चर $X$ जिसका मान 0, 1, 2, ..., $n$ हो सकता है, द्विपद बंटन का अनुसरण करता है, यदि प्रायिकता बंटन फलन निम्न द्वारा परिभाषित हो, $P(X = r) = {}^nC_r p^r q^{n-r}, r = 0, 1, 2, ....., n$

जहाँ $p, q > 0$, इस प्रकार हैं कि $p + q = 1$

संकेत $X \sim B(n, p)$ साधारण तथा यादृच्छिक चर $X$ के (प्राचल $n$ एवं $p$ में) द्विपद बंटन के अनुसरण को व्यक्त करता है।

हम देखते हैं

$P(X = 0) + P(X = 1) + ... + P(X = n) =$

${}^nC_0 p^0 q^{n-0} + {}^nC_1 p^1 q^{n-1} + ... + {}^nC_n p^n q^{n-n} = (q + p)^n = 1^n = 1$ .

अब

(a) घटना के ठीक $r$ बार घटित होने की प्रायिकता $P(X = r) = {}^nC_r q^{n-r} p^r$ .

(b) घटना के कम से कम $r$ बार घटित होने की प्रायिकता

$$P(X \ge r) = {}^nC_r q^{n-r} p^r + ... + p^n = \sum_{X=r}^{n} {}^nC_X p^X q^{n-X}$$

(c) घटना के अधिक से अधिक $r$ बार घटित होने की प्रायिकता

$$P(0 \le X \le r) = q^n + {}^nC_1 q^{n-1} p + ... + {}^nC_r q^{n-r} p^r = \sum_{X=0}^{r} p^X q^{n-X}$$

यदि किसी घटना के एक प्रयास में घटित होने की प्रायिकता $p$ है, तब घटना के $r$ प्रयास में लगातार घटित होने की प्रायिकता $p^r$ होगी। यदि किसी अभिप्रयोग में $n$ प्रयास हों तथा अभिप्रयोग $N$ बार दोहराया गया हो, तो 0, 1, 2, ..., $n$ सफलताओं की आवृत्तियाँ निम्न होंगी $N.P(X = 0), N.P(X = 1), N.P(X = 2), ...., N.P(X = n)$.

**द्विपद बंटन का माध्य तथा प्रसरण** (Mean and variance of the binomial distribution) **:** द्विपद प्रायिकता बंटन है

| $X$ | 0 | 1 | 2 | .......... | $n$ |
|---|---|---|---|---|---|
| $P(X)$ | ${}^nC_0 q^n p^0$ | ${}^nC_1 q^{n-1} p$ | ${}^nC_2 q^{n-2} p^2$ | ........ | ${}^nC_n q^0 p^n$ |

इस बंटन का माध्य $\sum_{i=1}^{n} X_i p_i = \sum_{X=1}^{n} X . {}^nC_X q^{n-X} p^X = np$ है।

द्विपद प्रायिकता बंटन का प्रसरण $\sigma^2 = npq$ तथा मानक विचलन $\sigma = \sqrt{(npq)}$ है।

**बहुपदीय प्रसार का उपयोग** (Use of multinomial expansion) **:** यदि किसी पाँसे के $m$ फलक हों, जिस पर संख्यायें 1, 2, 3, ....$m$ अंकित हों तथा ऐसे $n$ पाँसे एक साथ फेंके जाएँ, तब ऊपरी फलकों पर प्रदर्शित संख्याओं का योग $p$ होने की प्रायिकता $\frac{(x + x^2 + x^3 + .... + x^m)^n}{m^n}$ के विस्तार में $x^p$ के गुणांक द्वारा दी जाती है।

(4) **पॉयसन बंटन** (Poisson's distribution) **:** माना $X$ एक यदृच्छया चर है, जो 0, 1, 2,... मान इस प्रकार ग्रहण करता है, कि $X$ का प्रायिकता फलन, $f(x) = P(X = x) = \frac{\lambda^x e^{-\lambda}}{x!}$, $x = 0, 1, 2, ....$ द्वारा प्राप्त होता है। जहाँ $\lambda$ एक धनात्मक अचर है। यह बंटन पॉइसन बंटन कहलाता है।

## Tips & Tricks

✍ स्वतंत्र घटनायें सर्वथा अलग–अलग प्रयोंगों से सम्बन्धित होती हैं, जबकि परस्पर अपवर्जी घटनायें एक ही प्रयोग से सम्बन्धित होती हैं।

✍ स्वतंत्र घटनायें एक साथ घटित हो सकती हैं, जबकि परस्पर अपवर्जी घटनायें एक साथ घटित नहीं हो सकतीं।

✍ स्वतंत्र घटनायें शब्द 'और' से सम्बन्धित होती हैं, किन्तु परस्पर अपवर्जी घटनायें शब्द 'या' से सम्बन्धित होती हैं।

✍ $n$ सिक्कों को एक साथ या एक सिक्के को $n$ बार उछालने पर प्रतिदर्श समष्टि (कुल प्रकार) = $2^n$.

✍ $n$ पांसों को एक साथ या एक पांसे को $n$ बार फेंकने पर प्रतिदर्श समष्टि (कुल प्रकार) = $6^n$.

✍ $n_1$ पांसों तथा $n_2$ सिक्कों को एक साथ फेंकने पर प्रतिदर्श समष्टि (कुल प्रकार) $= 6^{n_1} \times 2^{n_2}$

✍ $n$ पत्रों तथा लिफाफों से सम्बन्धित प्रायिकता : यदि $n$ लिफाफों के

संगत $n$ पत्रों को लिफाफों में यदृच्छया रखा जाये, तो

(i) सभी पत्रों के उपयुक्त लिफाफें में रखे जाने की प्रायिकता $=\frac{1}{n!}$.

(ii) सभी पत्रों के उपयुक्त लिफाफें में नहीं होने की प्रायिकता $=1-\frac{1}{n!}$.

(iii) किसी भी पत्र के उपयुक्त लिफाफें में न होने की प्रायिकता

$$=\frac{1}{2!}-\frac{1}{3!}+\frac{1}{4!}-...+(-1)^n\frac{1}{n!}.$$

(iv) केवल $r$ पत्रों के उपयुक्त लिफाफे में होने की प्रायिकता

$$=\frac{1}{r!}\left[\frac{1}{2!}-\frac{1}{3!}+\frac{1}{4!}-.....+(-1)^{n-r}\frac{1}{(n-r)!}\right]$$

✍ यदि किसी घटना के अनुकूल संयोगानुपात $a : b$ हों, तो इसके घटित होने की प्रायिकता $\frac{a}{a+b}$ तथा इसके घटित न होने की प्रायिकता $\frac{b}{a+b}$ होती है।

✍ यदि किसी घटना के प्रतिकूल संयोगानुपात $a : b$ हों, तो इसके घटित होने की प्रायिकता $\frac{b}{a+b}$ तथा घटित न होने की प्रायिकता $\frac{a}{a+b}$ होती है।

✍ माना $A, B,$ तथा $C$ तीन स्वेच्छ घटनायें हैं, तो

| घटनाओं का मौखिक विवरण | तुल्य समुच्चय सैद्धान्तिक संकेत |
|---|---|
| (i) केवल $A$ घटित हो | (i) $A\cap\overline{B}\cap\overline{C}$ |
| (ii) $A$ तथा $B$, किन्तु $C$ नहीं घटित हो | (ii) $A\cap B\cap\overline{C}$ |
| (iii) तीनों घटनायें घटित हों | (iii) $A\cap B\cap C$ |
| (iv) कम से कम एक घटित हो | (iv) $A\cup B\cup C$ |
| (v) कम से कम दो घटित हो | (v) $(A\cap B)\cup(B\cap C)\cup(A\cap C)$ |
| (vi) केवल एक घटित हो | (vi) $(A\cap\overline{B}\cap\overline{C})\cup(\overline{A}\cap B\cap\overline{C})\cup(\overline{A}\cap\overline{B}\cap C)\cup(\overline{A}\cap\overline{B}\cap C)$ |
| (vii) $A, B$ तथा $C$ में से केवल दो घटित हों | (vii) $(A\cap B\cap\overline{C})\cup(\overline{A}\cap B\cap C)\cup(A\cap\overline{B}\cap C)\cup(A\cap\overline{B}\cap C)$ |
| (viii) कोई घटित न हो | (viii) $\overline{A}\cap\overline{B}\cap\overline{C}=\overline{A\cup B\cup C}$ |
| (ix) दो से अधिक घटित न हो | (ix) $(A\cap B)\cup(B\cap C)\cup(A\cap C)-(A\cap B\cap C)$ |
| (x) $A$ तथा $B$ में केवल एक ही घटित हो | (x) $(A\cap\overline{B})\cup(\overline{A}\cap B)$ |

## OT Ordinary Thinking

### Objective Questions

### विभिन्न पदों की परिभाषा

**1.** दो सिक्कों को फेंका गया। $A$ वह घटना है जिसमें पहला सिक्का अगाड़ी दिखाता है तथा $B$ वह घटना है जिसमें दूसरा सिक्का पिछाड़ी दर्शाता है। $A$ तथा $B$ घटनायें निम्न प्रकार की है **[MP PET 1989]**

(a) परस्पर अपवर्जी (b) परतन्त्र
(c) स्वतंत्र तथा परस्पर अपवर्जी (d) इनमें से कोई नहीं

**2.** यदि $P(A_1\cup A_2)=1-P(A_1^c)P(A_2^c)$ जहाँ $c$ पूरक के लिये है, तब घटनाएँ $A_1$ तथा $A_2$ हैं **[MP PET 1989]**

(a) परस्पर अपवर्जी (b) स्वतंत्र
(c) समप्रायिक (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** दो पांसे एक साथ उछाले जाते हैं। यदि घटनाएँ $A$ तथा $B$ निम्न प्रकार परिभाषित हो $A$ = पहले पांसे पर सम संख्या, $B$ = दूसरे पांसे पर विषम संख्या, तो घटनाएँ $A$ तथा $B$ हैं **[IIT 1979]**

(a) परस्पर अपवर्जी
(b) परस्पर अपवर्जी तथा स्वतन्त्र
(c) परतन्त्र
(d) इनमें से कोई नहीं

**4.** 52 पत्तों की एक गड्डी में से एक पत्ता निकला जाता है। यदि $A$ =पत्ता ईट का है, $B$ = पत्ता इक्का है एवं $A\cap B$ = पत्ता ईट का इक्का है , तो घटनायें $A$ व $B$ हैं

(a) स्वतन्त्र (b) परस्पर अपवर्जी
(c) परतन्त्र (d) समसम्भावी

**5.** यदि $A$ व $B$ दो स्वतंत्र घटनाएँ हैं, तो $A$ व $\overline{B}$ होंगी

(a) स्वतन्त्र नहीं (b) स्वतन्त्र
(c) परस्पर अपवर्जी (d) इनमें से कोई नहीं

**6.** $A, B, C$ तीन परस्पर स्वतंत्र घटनायें हैं। $S_1$ तथा $S_2$ दो कथनों को देखने पर

$S_1$ : $A$ तथा $B\cup C$ स्वतन्त्र हैं

$S_2$ : $A$ तथा $B\cap C$ स्वतन्त्र हैं

तब **[IIT 1994]**

(a) $S_1$ तथा $S_2$ दोनों सत्य हैं
(b) केवल $S_1$ सत्य है
(c) केवल $S_2$ सत्य है
(d) न तो $S_1$ ना ही $S_2$ सत्य है

**7.** यदि $P(A)=\frac{2}{3}$, $P(B)=\frac{1}{2}$ तथा $P(A\cup B)=\frac{5}{6}$ तब घटनायें $A$ तथा $B$ हैं **[Kerala (Engg.) 2002]**

(a) परस्पर अपवर्जी
(b) स्वतन्त्र होने के साथ परस्पर निःशेषी भी
(c) स्वतन्त्र
(d) केवल $A$ पर आश्रित

## प्रायिकता की परिभाषा

1. 52 ताशों की गड्डी से वापिस रखते हुये एक एक करके दो ताश निकाले जाते हैं। दोनों इक्के निकालने की प्रायिकता है [MNR 1988; UPSEAT 2000]

(a) $\frac{1}{169}$ (b) $\frac{1}{221}$

(c) $\frac{1}{2652}$ (d) $\frac{4}{663}$

2. दो पांसे साथ-साथ एक बार फेंकने पर उन पर अंकों का योग 7 से अधिक आने की प्रायिकता है [MP PET 1991]

(a) $\frac{7}{36}$ (b) $\frac{7}{12}$

(c) $\frac{5}{12}$ (d) $\frac{5}{36}$

3. एक थैले में से जिसमें 3 काली गेंदें तथा 4 सफेद गेंदें हैं। एक सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता है

(a) $\frac{4}{7}$ (b) $\frac{3}{7}$

(c) $\frac{1}{7}$ (d) इनमें से कोई नहीं

4. $A$ तथा $B$ क्रमशः एक सिक्का उछालते हैं, जो पहले शीर्ष प्राप्त करता है वही जीतता है। यदि $A$ प्रारम्भ करता हो तो उसके जीतने की प्रायिकता है [MP PET 1987]

(a) 5/8 (b) 1/2

(c) 1/3 (d) 2/3

5. दो संतुलित पांसों को एक साथ फेंकने पर उनके ऊपरी फलकों पर आने वाले अंकों का योग 9 होने की प्रायिकता है [MP PET 1987]

(a) $\frac{7}{18}$ (b) $\frac{5}{36}$

(c) $\frac{1}{9}$ (d) $\frac{1}{6}$

6. अच्छी तरह फेटी हुई ताशों की एक गड्डी से एक ताश यदृच्छया निकाला जाता है। निकाले गये ताश के इक्का होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{13}$ (b) $\frac{4}{13}$

(c) $\frac{3}{52}$ (d) इनमें से कोई नहीं

7. शब्द "PROBABILITY" से एक अक्षर स्वेच्छ रूप से चुना जाता है। चुने गये अक्षर के स्वर होने की प्रायिकता है [MNR 1986; UPSEAT 2000]

(a) $\frac{2}{11}$ (b) $\frac{3}{11}$

(c) $\frac{4}{11}$ (d) 0

8. $n$ पत्र तथा $n$ पते लिखे लिफाफे हैं। सभी पत्रों के सही लिफाफों में न रखे जाने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{n!}$ (b) $1-\frac{1}{n!}$

(c) $1-\frac{1}{n}$ (d) इनमें से कोई नहीं

9. 100 पृष्ठों की एक पुस्तक से एक पृष्ठ यदृच्छया चुना जाता है। चुने गये पृष्ठ की पृष्ठ संख्या के अंकों का योग 11 होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{2}{25}$ (b) $\frac{9}{100}$

(c) $\frac{11}{100}$ (d) इनमें से कोई नहीं

10. एक परिवार में दो बच्चें हैं। दोनों के लड़का होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

11. एक पांसा दो बार फेंका जाता है। केवल पहली फेंक में अंक 1 आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{36}$ (b) $\frac{3}{36}$

(c) $\frac{5}{36}$ (d) $\frac{1}{6}$

12. बिना वापिस रखे एक गड्डी से दो ताश निकाले जाते हैं। निकाले गये दोनों ताशों के बादशाह होने की प्रायिकता है [MP PET 1994]

(a) $\frac{2}{13}$ (b) $\frac{1}{169}$

(c) $\frac{1}{221}$ (d) $\frac{30}{221}$

13. एक पांसा फेंका जाता है तथा एक सिक्का उछाला जाता है। सिक्के के चित्त (Head) आने तथा पांसे पर अंक 6 आने की प्रायिकता है [MP PET 1994; Pb. CET 2001]

(a) $\frac{1}{8}$ (b) $\frac{1}{12}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) 1

14. एक सिक्का दो बार उछाला जाता है। दोनों बार शीर्ष आने की प्रायिकता है [MNR 1978]

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) 1

15. 52 ताशों की एक गड्डी से वापिस रखते हुये दो ताश निकाले जाते हैं। पहले के ईट का पत्ता तथा दूसरे के बादशाह होने के प्रायिकता है [MNR 1979]

(a) $\frac{1}{26}$ (b) $\frac{17}{2704}$

(c) $\frac{1}{52}$ (d) इनमें से कोई नहीं

16. दो पांसे एक साथ फेंकने पर योग 2, 8 या 12 आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{5}{18}$ (b) $\frac{7}{36}$

(c) $\frac{7}{18}$ (d) $\frac{5}{36}$

17. एक पांसा दो बार फेंका जाता है। पहली फेंक में 4, 5 या 6 तथा दूसरी फेंक में 1, 2, 3 या 4 आने की प्रायिकता है

(a) 1 (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{7}{36}$ (d) इनमें से कोई नहीं

18. 52 ताशों की एक गड्डी से दो ताश निकाले जाते हैं। निकाले गये ताशों में कम से कम एक इक्का होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{33}{221}$ (b) $\frac{188}{221}$

(c) $\frac{1}{26}$ (d) $\frac{21}{221}$

19. 52 ताशों की दो साधारण गड्डियों में से प्रत्येक से एक ताश निकाला जाता है। निकाले गये ताशों में कम से कम एक पान का इक्का होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{103}{2704}$ (b) $\frac{1}{2704}$

(c) $\frac{2}{52}$ (d) $\frac{2601}{2704}$

20. एक डिब्बे में 6 कील तथा 10 नट हैं। आधी कीलें तथा आधे नट जंग लगे हैं। एक वस्तु के यादृच्छिक चयन पर, इसके जंग लगी अथवा कील होने की प्रायिकता है [MP PET 1992, 2000]

(a) $\frac{3}{16}$ (b) $\frac{5}{16}$

(c) $\frac{11}{16}$ (d) $\frac{14}{16}$

21. एक सिक्के की चार उछालों में कम से कम एक पट (tail) आने की प्रायिकता है [MNR 1983; Kurukshetra CEE 1998]

(a) $\frac{15}{16}$ (b) $\frac{1}{16}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

22. तीन पत्र अलग अलग व्यक्तियों को भेजे जाते हैं और तीन लिफाफों पर पते भी लिखें हैं। बिना पते को देखे हुये पत्रों को ठीक लिफाफों में डालने की संभाविता है
[MNR 1982; MP PET 1990; Orissa JEE 2004]

(a) $\frac{1}{27}$ (b) $\frac{1}{9}$

(c) $\frac{4}{27}$ (d) $\frac{1}{6}$

23. दो पांसो की एक फेंक में आने वाले अंकों का योग 10 से अधिक होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{18}$ (b) $\frac{1}{12}$

(c) $\frac{1}{6}$ (d) इनमें से कोई नहीं

24. दो पांसो के एक साथ फेंकने पर योग 5 या 6 आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{1}{6}$

25. एक निश्चित घटना की प्रायिकता होती है [MP PET 1988]

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) $\frac{1}{2}$

26. एक घटना A के एक अभिप्रयोग में घटित होने की प्रायिकता 0.4 है। तीन स्वतन्त्र अभिप्रयोगों में घटना $A$ के कम से कम एक बार घटित होने की प्रायिकता है
[IIT 1980; Kurukshetra CEE 1998; DCE 2001]

(a) 0.936 (b) 0.784

(c) 0.904 (d) 0.216

27. दो पांसों की एक फेंक में विषम संख्या आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

28. लॉटरी के 10,000 टिकटों, जिन पर 1 से 10,000 तक अंक अंकित हैं, एक टिकट निकाला जाता है। निकाले गये टिकट पर अंकित अंक के 20 से विभाज्य होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{100}$ (b) $\frac{1}{50}$

(c) $\frac{1}{20}$ (d) $\frac{1}{10}$

29. दो पांसे साथ साथ फेंके जाते हैं। उनमें से एक पर 2 का गुणज तथा दूसरे पर 3 का गुणज आने की प्रायिकता है
[AI CBSE 1981]

(a) $\frac{5}{36}$ (b) $\frac{11}{36}$

(c) $\frac{1}{6}$ (d) $\frac{1}{3}$

30. गणित का एक प्रश्न तीन विद्यार्थियों को हल करने के लिये दिया गया हैं जिनकी उसको हल करने की संभावनायें क्रमशः 1/3, 1/4 तथा 1/5 हैं। प्रश्न हल हो जाने की संभाविता है
[BIT Ranchi 1991; MP PET 1990]

(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{3}{4}$

(c) $\frac{4}{5}$ (d) $\frac{3}{5}$

31. एक पांसे को फेंकने पर अंक 5 आने की प्रायिकता है
[MP PET 1988]

(a) 1 (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{6}$ (d) $\frac{5}{6}$

32. अच्छी तरह फेटी हुई ताश की एक गड्डी से एक ताश खींचा जाता है, उसके चिड़ी की बेगम या पान का बादशाह होने की प्रायिकता है [MP PET 1988]

(a) $\frac{1}{52}$ (b) $\frac{1}{26}$

(c) $\frac{1}{18}$ (d) इनमें से कोई नहीं

33. तीन सिक्कों को एक साथ उछालने पर कम से कम दो के पट (tail) आने की प्रायिकता है
[MP PET 1988]

(a) $\frac{1}{8}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

34. एक पांसे को फेंकने पर 7 से कम संख्या आने की प्रायिकता है

(a) 0 (b) 1

(c) $\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

35. दो पांसे साथ-साथ फेंके जाते हैं। योग 11 से कम आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{17}{18}$ (b) $\frac{1}{12}$

(c) $\frac{11}{12}$ (d) इनमें से कोई नहीं

36. एक साधारण वर्ष में 53 रविवार होने की प्रायिकता है

[MP PET 1996]

(a) $\frac{2}{7}$ (b) $\frac{1}{7}$

(c) $\frac{3}{7}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**37.** 52 ताशों की एक गड्डी से एक ताश यादृच्छिक रूप से निकाला जाता है। निकाले गये पत्ते के गुलाम, बेगम या बादशाह (दरबारी पत्ता) होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{3}{52}$ (b) $\frac{3}{13}$

(c) $\frac{4}{13}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**38.** दो पांसों को साथ-साथ फेंकने पर दोनों अंकों का योग 4 का गुणज आने की प्रायिकता है [MP PET 1990]

(a) $\frac{1}{9}$ (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{5}{9}$

**39.** यदि एक लॉटरी में 5 इनाम तथा 20 खाली हों, तो इनाम पाने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{4}{5}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**40.** एक पांसे को फेंकने पर 2 से अधिक संख्या आने की प्रायिकता है [MP PET 1988]

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{2}{3}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{6}$

**41.** 52 ताशों की एक गड्डी से 2 ताश निकाले जाते हैं। उनमें एक के बेगम तथा दूसरे के इक्का होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{2}{663}$ (b) $\frac{2}{13}$

(c) $\frac{4}{663}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**42.** दो पांसे एक साथ फेंके जाते हैं। यदि दोनों पांसों पर भिन्न भिन्न अंक आते हों, तो दोनों पर आने वाले अंकों का योग 6 होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{5}{36}$ (b) $\frac{1}{6}$

(c) $\frac{2}{15}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**43.** एक आदमी तथा एक महिला एक ही पद के 2 रिक्त स्थानों के लिये साक्षात्कार देते हैं। आदमी के चयन की प्रायिकता $\frac{1}{4}$ तथा महिला के चयन की प्रायिकता $\frac{1}{3}$ है। उन दोनों में से किसी का भी चयन न होने की प्रायिकता है [MNR 1988]

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{12}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**44.** तीन सिक्के उछाले जाते हैं। यदि सिक्के शीर्ष (Head) तथा पुच्छ (tail) दोनों दर्शातें हों, तो ठीक एक शीर्ष (Head) आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{3}{8}$ (b) $\frac{1}{6}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{3}$

**45.** एक थैले में 4 सफेद, 5 काली तथा 6 लाल गेंदें है। यदि एक गेंद यदृच्छया निकाली जाये तो उसके सफेद या लाल होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{4}{15}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{2}{3}$

**46.** ताश की एक गड्डी से एक पत्ता यदृच्छया निकाला जाता है इसकी क्या प्रायिकता है कि निकाला गया पत्ता न तो पान का और न ही बादशाह हो

(a) $\frac{4}{13}$ (b) $\frac{9}{13}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{13}{26}$

**47.** दो पांसों की एक फेंक में योग 13 आने की प्रायिकता है

(a) 0 (b) 1

(c) $\frac{13}{36}$ (d) $\frac{25}{36}$

**48.** तीन पांसे एक साथ फेंके जाते हैं। उन पर आने वाले अंकों का योग 17 या 18 होने की प्रायिकता है [AI CBSE 1983]

(a) $\frac{1}{9}$ (b) $\frac{1}{72}$

(c) $\frac{1}{54}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**49.** एक डिब्बे में 10 अच्छी तथा 6 खराब वस्तुएँ हैं। एक वस्तु का यादृच्छिक चयन किया गया है। इसके अच्छा अथवा खराब होने की प्रायिकता है [MP PET 1992, 2000]

(a) $\frac{24}{64}$ (b) $\frac{40}{64}$

(c) $\frac{49}{64}$ (d) $\frac{64}{64}$

**50.** एक असम्भव घटना के घटित होने की प्रायिकता $P(\phi)$ है

[MP PET 1993]

(a) 1 (b) 0

(c) 2 (d) –1

**51.** एक सिक्का तब तक उछाला जाता है जब तक कि हेड न आ जाए या जब तक कि वह 5 बार न उछाला जाए। यदि प्रथम दो उछालों पर हेड नहीं आता है तो इस बात की प्रायिकता कि सिक्का 5 बार उछाला जाए, है [CEE 1993]

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{3}{5}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{1}{3}$

**52.** दो पाँसों को फेंका जाता है। दोनों संख्याओं का योग अभाज्य संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता है [CEE 1993]

(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{5}{12}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

53. तीन आदमी एक समस्या पर स्वतन्त्र रूप से कार्य करते हैं। उनके द्वारा समस्या को हल करने की प्रायिकतायें क्रमशः 1/3, 1/4 व 1/5 हैं, तो किसी के द्वारा समस्या न हल होने की प्रायिकता है [MNR 1990; UPSEAT 2000]

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{3}{5}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

54. दो पाँसे फेंके जाते हैं। अंकों का योग 7प्राप्त करने की प्रायिकता है [IIT 1974; MNR 1981, 91; RPET 1995, 97, 2002; UPSEAT 2000]

(a) $\frac{5}{36}$ (b) $\frac{6}{36}$

(c) $\frac{7}{36}$ (d) $\frac{8}{36}$

55. किसी घटना के असफल होने की प्रायिकता 0.05 है, तो उस घटना के लगातार 4 बार सफल होने की प्रायिकता है [Roorkee 1990]

(a) 0.00000625 (b) 0.18543125

(c) 0.00001875 (d) 0.81450625

56. दो पाँसों को एक बार फेंकने पर अंकों का योग कम से कम 9 आने की प्रायिकता है [SCRA 1980]

(a) $\frac{1}{18}$ (b) $\frac{5}{18}$

(c) $\frac{7}{18}$ (d) $\frac{11}{18}$

57. शब्द 'POSSESSIVE' से एक अक्षर यदृच्छया चुन लिया जाता है, तो इसके $S$ होने की प्रायिकता है [SCRA 1987]

(a) $\frac{3}{10}$ (b) $\frac{4}{10}$

(c) $\frac{3}{6}$ (d) $\frac{4}{6}$

58. तीन एक समान पाँसे फेंके जाते हैं उन पर एक ही संख्या के आने की प्रायिकता है [SCRA 1991; MP PET 1989; IIT 1984; RPET 2000, 02; DCE 2001]

(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{1}{36}$

(c) $\frac{1}{18}$ (d) $\frac{3}{28}$

59. दो घटनाओं $A$ व $B$ के लिए $P(A)=0.38$, $P(B)=0.41$, तो $P(A$ नहीं$)$ का मान है

(a) 0.41 (b) 0.62

(c) 0.59 (d) 0.21

60. दो धावकों $A$ व $B$ द्वारा दौड़ जीतने के प्रायिकतायें $\frac{1}{5}$ व $\frac{1}{4}$ हैं, तो उनमें से किसी के द्वारा दौड़ न जीते जाने की प्रायिकता है

(a) $\frac{3}{5}$ (b) $\frac{3}{4}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{4}{5}$

61. किसी सिक्के को तीन बार उछालने पर (अथवा तीन सिक्कों को अलग-अलग उछालने पर) हेड व टेल एकान्तर क्रम में आने की प्रायिकता है [RPET 1997]

(a) $\frac{1}{8}$ b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{3}{8}$

62. यदि $A$ व $B$ परस्पर अपवर्जी घटनायें हैं, तो $P(A$ या $B)$ का मान है

(a) 0 (b) –1

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

63. यदि $A$ एक अवश्यम्भावी घटना है तो $P(A$ नही$)$ है

(a) 0 (b) –1

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

64. प्रथम 10 प्राकृतिक संख्याओं में से एक प्राकृतिक संख्या का चयन किया जाता है, तो संख्या के विषम एवं पूर्ण वर्ग होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{2}{9}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{3}{7}$ (d) $\frac{1}{5}$

65. प्रथम 100 प्राकृतिक संख्याओं की चुनने पर उसके सम अथवा 5 से विभाज्य होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{2}{3}$

(c) $\frac{4}{5}$ (d) $\frac{3}{5}$

66. दो पाँसे फेंके जाते हैं। यदि पहला 5 प्रदर्शित करता है तो दोनों पर प्राप्त संख्याओं का योग 8 या 8 से ज्यादा आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{12}$ (b) $\frac{11}{12}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{3}$

67. एक ताश की गड्डी से एक पत्ता यदृच्छया निकाला जाता है, तो इसके न तो इक्का और न बादशाह होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{11}{13}$ (b) $\frac{8}{13}$

(c) $\frac{10}{13}$ (d) $\frac{12}{13}$

68. 4 पता लिखे लिफाफे हैं एवं 4 सम्बन्धित पत्र हैं तो इसकी प्रायिकता कि पत्र सम्बन्धित उचित लिफाफे में न रखा जाए, है

**अथवा**

चार पत्र तथा चार पता लिखें लिफाफे हैं। यदि सभी पत्र सही लिफाफे में न भेजे जाएं तो इसकी प्रायिकता होगी [RPET 1997; MP PET 1999; DCE 1999]

(a) $\frac{19}{24}$ (b) $\frac{21}{23}$

(c) $\frac{23}{24}$ (d) $\frac{1}{24}$

69. $n$ पत्र है एवं $n$ पते लिखे हुए लिफाफे हैं, तो प्रत्येक पत्र के सही लिफाफे में रखें जाने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{n!}$ (b) $\frac{1}{(n-1)!}$

(c) $1-\frac{1}{n!}$ (d) इनमें से कोई नहीं

70. यदि लड़का और लड़की के जन्म लेने की प्रायिकतायें बराबर हैं, तो 4 बच्चों के एक परिवार में कम से कम 1 लड़की होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{14}{16}$ (b) $\frac{15}{16}$

(c) $\frac{1}{8}$ (d) $\frac{3}{8}$

71. एक सारणिक, दो कोटि के सभी सारणिकों के समुच्चय में से जिनके अवयव 0 या 1 हैं, यदृच्छया चुना जाता है। सारणिक के अशून्य होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{3}{16}$ (b) $\frac{3}{8}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

72. एक घटना अपने आप में ही स्वतन्त्र होगी यदि और केवल यदि $P(A) =$

(a) 0 (b) 1

(c) 0, 1 (d) इनमें से कोई नहीं

73. एक ताला खोलने के लिए एक निश्चित अंकों की संख्या (000 व 999 के बीच) डायल करनी पड़ती है। एक अजनबी जो कोड नहीं जानता है, ताला खोलने का प्रयत्न करता है। वह तीन अंकों की संख्या डायल करता है तो उसके $k$ वें प्रयास में सफल होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{k}{999}$ (b) $\frac{k}{1000}$

(c) $\frac{k-1}{1000}$ (d) इनमें से कोई नहीं

74. तीन पाँसों की एक फेंक में कम से कम एक पाँसे पर 1 आने की प्रायिकता है [DSSE 1981]

(a) $\frac{5}{6}$ (b) $\frac{91}{216}$

(c) $\frac{1}{36}$ (d) $\frac{125}{216}$

75. 52 पत्तों की एक ताश की गड्डी में से एक पत्ता यदृच्छया खींचा जाता है, तो इसके पान या ईंट की दुग्गी होने की प्रायिकता है [DSSE 1979]

(a) $\frac{1}{26}$ (b) $\frac{1}{52}$

(c) $\frac{1}{13}$ (d) इनमें से कोई नहीं

76. एक आदमी और उसकी पत्नी दो पदों के साक्षात्कार के लिए उपस्थित होते हैं। पति के चुनने की प्रायिकता $\frac{1}{7}$ व पत्नी के चुनने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ है, तो उनमें से किसी एक के चुनने की प्रायिकता है [AISSE 1987; DSSE 1979, 81, 84]

(a) $\frac{1}{7}$ (b) $\frac{2}{7}$

(c) $\frac{3}{7}$ (d) इनमें से कोई नहीं

77. एक थैले में 5 सफेद, 7 लाल व 8 काली गेंदे हैं। यदि बिना वापस रखे 4 गेंदों को एक एक करके निकाला जाए तो सभी के सफेद होने की प्रायिकता है [AISSE 1987]

(a) $\frac{1}{969}$ (b) $\frac{1}{380}$

(c) $\frac{5}{20}$ (d) इनमें से कोई नहीं

78. $A, B, C$ की एक समस्या हल करने की प्रायिकायें क्रमशः $\frac{1}{3}, \frac{2}{7}, \frac{3}{8}$ हैं। यदि प्रत्येक, एक साथ समस्या हल करने का प्रयत्न करता है तो केवल किसी एक के द्वारा समस्या हल होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{25}{168}$ (b) $\frac{25}{56}$

(c) $\frac{20}{168}$ (d) $\frac{30}{168}$

79. दो पाँसों की एक फेंक में कुल योग 7 या 9 प्राप्त करने की प्रायिकता है [AISSE 1979]

(a) $\frac{5}{18}$ (b) $\frac{1}{6}$

(c) $\frac{1}{9}$ (d) इनमें से कोई नहीं

80. एक थैले में 19 टिकट हैं जिन पर 1 से 19 तक संख्यायें अंकित हैं। एक टिकट निकाला जाता है, पहले को बिना वापस रखे एक और टिकट निकाला जाता है तो दोनों टिकटों के सम संख्या प्रदर्शित करने की प्रायिकता है [AI CBSE 1986]

(a) $\frac{9}{19}$ (b) $\frac{8}{18}$

(c) $\frac{9}{18}$ (d) $\frac{4}{19}$

81. तीन निशानेबाजों द्वारा एक लक्ष्य भेदने की प्रायिकतायें क्रमशः $\frac{1}{2}, \frac{1}{3}$ एवं $\frac{1}{4}$ हैं तो उनके एक साथ फायर करने पर केवल एक के द्वारा लक्ष्य भेदने की प्रायिकता है [AI CBSE 1982]

(a) $\frac{11}{24}$ (b) $\frac{1}{12}$

(c) $\frac{1}{8}$ (d) इनमें से कोई नहीं

82. 2 कोटि के सारणिकों जो अवयवों 0 व 1 से बने हैं, में से एक सारणिक यदृच्छया चुना जाता है तो चुने हुए सारणिक का मान धनात्मक होने की प्रायिकता है [IIT 1982]

(a) 3/16 (b) 3/8

(c) 1/4 (d) इनमें से कोई नहीं

83. 52 पत्तों की ताश की एक गड्डी से एक पत्ता खींचे जाने पर उसके बादशाह या ईंट का पत्ता होने की प्रायिकता है [MP PET 1990, 1994; RPET 1996]

(a) $\frac{1}{26}$ (b) $\frac{3}{26}$

(c) $\frac{4}{13}$ (d) $\frac{3}{13}$

84. एक थैले में 3 सफेद, 3 काली व 2 लाल गेंदें हैं। इसमें से एक एक करके तीन गेंदे बिना वापिस रखे निकाली जाए तो तीसरी गेंद के लाल होने की प्रायिकता है [MNR 1994]

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{1}{4}$

85. दो पाँसों को एक फेंकने में उनके ऊपर आने वाली संख्याओं का योग 8 आने की प्रायिकता है [RPET 1995]

(a) $\frac{1}{36}$ (b) $\frac{5}{36}$

(c) $\frac{4}{36}$ (d) $\frac{6}{36}$

**86.** किसी घटना $A$ के लिए [RPET 1995]

(a) $P(A)+P(\overline{A})=0$ (b) $P(A)+P(\overline{A})=1$

(c) $P(A)>1$ (d) $P(\overline{A})<1$

**87.** एक सन्दूक में 3 सफेद व 2 लाल गेंदें हैं। एक गेंद निकालते हैं तथा इस गेंद को बिना वापस रखे एक गेंद और निकालते हैं, तो दूसरी गेंद के लाल होने की प्रायिकता है [Roorkee 1995]

(a) $\frac{8}{25}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{3}{5}$ (d) $\frac{21}{25}$

**88.** भारत की वेस्टइंडीज से मैच जीतने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है। यदि प्रत्येक मैच स्वतंत्र हैं, तो 5 मैंचों की श्रृंखला में भारत की दूसरी जीत तीसरे टेस्ट में हो, इसकी प्रायिकता है [IIT 1995; Pb. CET 2003]

(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{1}{8}$

**89.** 100 पत्तों की एक गड्डी जिन पर 1 से 100 तक संख्यायें लिखी हैं, में से यदृच्छया एक पत्ता निकाला जाता है, तो पूर्ण वर्ग संख्या आने की प्रायिकता है [EAMCET 1989]

(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{1}{10}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**90.** 7 पर्चियों पर 1 से 7 तक संख्यायें लिखी हैं इनमें से एक-एक करके तीन पर्चियाँ निकाली जाती हैं तो निकाली गयी किसी भी पर्ची पर कम से कम संख्या 5 हो, इसकी प्रायिकता है [EAMCET 1991]

(a) $1-\left(\frac{2}{7}\right)^4$ (b) $4\left(\frac{2}{7}\right)^4$

(c) $\left(\frac{3}{7}\right)^3$ (d) इनमें से कोई नहीं

**91.** यदि $P(A)=0.65,\ P(B)=0.15,$ तो $P(\overline{A})+P(\overline{B})=$ [Pb. CET 1989; EAMCET 1988]

(a) 1.5 (b) 1.2

(c) 0.8 (d) इनमें से कोई नहीं

**92.** किन्ही भी दो स्वतन्त्र घटनाओं $E_1$ व $E_2$, के लिए $P\{(E_1\cup E_2)\cap(\overline{E}_1\cap\overline{E}_2)\}$ है [IIT 1991; Pb. CET 2003]

(a) $\le\frac{1}{4}$ (b) $>\frac{1}{4}$

(c) $\ge\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**93.** स्वतन्त्र घटनाओं $A_1, A_2, .........., A_n$, के लिए $P(A_i)=\frac{1}{i+1},\ i=1, 2, ......,\ n$ हो, तो किसी भी घटना के घटित न होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{n}{n+1}$ (b) $\frac{n-1}{n+1}$

(c) $\frac{1}{n+1}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**94.** कम से कम एक शीर्ष प्राप्त करने की प्रायिकता 0.9 से अधिक या बराबर हो, इसके लिए सिक्के को कितनी बार उछालना पड़ेगा [Roorkee 1989]

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) इनमें से कोई नहीं

**95.** एक थैले में 3 काली तथा 4 सफेद गेंदें हैं। बिना प्रतिस्थापन के यदृच्छया एक-एक करके दो गेंदें निकाली गई हैं। निकाली गई द्वितीय गेंद के सफेद होने की प्रायिकता है [MP PET 1995]

(a) $\frac{4}{49}$ (b) $\frac{1}{7}$

(c) $\frac{4}{7}$ (d) $\frac{12}{49}$

**96.** 52 पत्तों की एक गड्डी से A दो पत्ते (एक एक करके वापस रखते हुए) निकालता है एवं $B$ एक पाँसा युग्म फेंकता हैं, तो इस बात की प्रायिकता कि $A$ को दोनों एक ही सूट (Suit) के पत्ते मिलें एवं $B$ को योग 6 प्राप्त हो, होगी [MNR 1989]

(a) $\frac{1}{144}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{5}{144}$ (d) $\frac{7}{144}$

**97.** एक संदूक में 2 काली, 4 सफेद व 3 लाल गेंदें हैं। संदूक में से एक गेंद यदृच्छया निकाली जाती है एवं उसे एक तरफ रख दिया जाता है। संदूक में शेष गेंदों में से दूसरी गेंद यदृच्छया निकाली जाती है एवं उसे पहली की एक तरफ रख दिया जाता है। यह प्रक्रिया तब तक चलती है जब तक कि सन्दूक खाली न हो जाए, तो संदूक से निकाली गयी गेंदों का अनुक्रम 2 काली, 4 सफेद व 3 लाल होने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{1}{1260}$ (b) $\frac{1}{7560}$

(c) $\frac{1}{126}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**98.** एक पाँसे को तीन बार फेंका जाता है, तो प्रत्येक बार पहली संख्या से बाद वाली संख्या के बड़े होने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{15}{216}$ (b) $\frac{5}{54}$

(c) $\frac{13}{216}$ (d) $\frac{1}{18}$

**99.** 52 पत्तों की एक गड्डी में से बिना प्रतिस्थापित किये एक-एक करके पत्ते निकाले जाते हैं, तो इक्का आने से पूर्व 10 पत्ते निकाले जाने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{241}{1456}$ (b) $\frac{164}{4165}$

(c) $\frac{451}{884}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**100.** किसी अध्यापक के द्वारा अघोषित टेस्ट लिये जाने की प्रायिकता 1/5 है। यदि कोई विद्यार्थी दो बार अनुपस्थित रहता है, तो विद्यार्थी के कम से कम एक टेस्ट छूट जाने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{4}{5}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{7}{5}$ (d) $\frac{9}{25}$

**101.** दो पांसों को एक साथ फेंकने पर योग 3 या 5 या 11 आने की प्रायिकता है [Kurukshetra CEE 1996]

(a) $\frac{5}{36}$ (b) $\frac{1}{9}$

(c) $\frac{2}{9}$ (d) $\frac{19}{36}$

**102.** एक भिन्नत पांसा इस प्रकार बना है कि इसके द्वारा सम संख्या आने की प्रायिकता विषम संख्या आने की प्रायिकता से दो गुनी है। इसे दो बार फेंका गया तो प्राप्त संख्या का योग सम संख्या होने की प्रायिकता होगी [Kurukshetra CEE 1996]

(a) $\frac{1}{12}$ (b) $\frac{1}{6}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{3}$

**103.** भारत के टॉस जीतने की प्रायिकता 3/4 है यदि भारत टॉस जीतता है तो विजय की सम्भावना 4/5 है अन्यथा 1/2 है, तब भारत की विजय की सम्भावना होगी [Kurukshetra CEE 1998]

(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{3}{5}$

(c) $\frac{3}{40}$ (d) $\frac{29}{40}$

**104.** ताश के 52 पत्तों की एक गड्डी से एक पत्ता यदृच्छया निकाला जाये तो इसके बादशाह या बेगम होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{13}$ (b) $\frac{2}{13}$

(c) $\frac{3}{13}$ (d) $\frac{4}{13}$

**105.** ताश के 52 पत्तों की एक गड्डी में से दो पत्ते एक एक करके बिना प्रतिस्थापित किए निकाले जाते हैं। पहले खींचे गए पत्ते के बादशाह तथा दूसरे के बेगम होने की प्रायिकता है [MP PET 1997]

(a) $\frac{2}{13}$ (b) $\frac{8}{663}$

(c) $\frac{4}{663}$ (d) $\frac{103}{663}$

**106.** एक छात्र की किसी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी लाने की प्रायिकता क्रमशः $\frac{1}{10},\frac{3}{5}$ तथा $\frac{1}{4}$ हैं। छात्र के परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की प्रायिकता है [MP PET 1997]

(a) $\frac{197}{200}$ (b) $\frac{27}{100}$

(c) $\frac{83}{100}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**4.** (c) माना सफेद गेंद खींचने की घटना को $W$ से प्रदर्शित करते हैं एवं $B$ काली गेंद के लिए तो $P(W)=\frac{a}{a+b},\ P(B)=\frac{b}{a+b}$

$P(A$ खेल जीतता है$)=P(W$ या $BBW$ या $BBBBW$ या .....)

$=P(W)+P(B)P(B)P(W)+P(B)P(B)P(B)P(B)P(W)+......$

$$=\frac{P(W)}{1-P(B)^2}=\frac{\frac{a}{a+b}}{1-\frac{b^2}{(a+b)^2}}=\frac{a(a+b)}{a^2+2ab}=\frac{(a+b)}{a+2b}$$

एवं $P(B$ खेल जीतता है$)=1-\frac{a+b}{a+2b}=\frac{b}{a+2b}$

दिये गये प्रतिबन्ध के अनुसार,

$\frac{a+b}{a+2b}=3.\frac{b}{a+2b}\Rightarrow a=2b\Rightarrow a:b=2:1.$

**5.** (a) चूँकि $\frac{(1+3p)}{3},\frac{(1-p)}{4}$ व $\left(\frac{1-2p}{2}\right)$ तीन घटनाओं की प्रायिकतायें हैं, अतः

$0\le\frac{1+3p}{3}\le1,\ 0\le\frac{1-p}{4}\le1$ और $0\le\frac{1-2p}{2}\le1$

$\Rightarrow -1\le3p\le2,\ -3\le p\le1$ व $-1\le2p\le1$

$\Rightarrow -\frac{1}{3}\le p\le\frac{2}{3},\ -3\le p\le1$ व $-\frac{1}{2}\le p\le\frac{1}{2}$

साथ ही, $\frac{1+3p}{3},\frac{1-p}{4}$ व $\frac{1-2p}{2}$ तीन परस्पर अपवर्जी घटनाओं की प्रायिकतायें हैं, अतः

$0\le\frac{1+3p}{3}+\frac{1-p}{4}+\frac{1-2p}{2}\le1$

$\Rightarrow 0\le4+12p+3-3p+6-12p\le12\Rightarrow\frac{1}{3}\le p\le\frac{13}{3}$

अतः $p$ के अभीष्ट मान

उच्चतम$\left\{-\frac{1}{3},-3,-\frac{1}{2},\frac{1}{3}\right\}\le p$ न्यूनतम $\left\{\frac{2}{3},1,\frac{1}{2},\frac{13}{3}\right\}$

$\Rightarrow\frac{1}{3}\le p\le\frac{1}{2}.$

**6.** (c) गुणनफल के अन्तिम अंक $1,2,3,4,6,7,8$ या 9 होंगे यदि और केवल यदि प्रत्येक $n$ धनात्मक पूर्णांक इन्हीं अंकों पर समाप्त होते हैं। अब पूर्णांकों के अंक $1,2,3,4,6,7,8$ या 9 पर समाप्त होने की प्रायिकता $=\frac{8}{10}$. अतः $n$ धनात्मक पूर्णांकों के गुणनफल को अंकों $1,2,3,4,6,7,8$ या 9 पर समाप्त होने की प्रायिकता $\left(\frac{4}{5}\right)^n$, इसी प्रकार $1,3,7$ या 9 पर समाप्त होने की प्रायिकता $\frac{4}{10}=\frac{2}{5}$.

इसलिये $n$ धनात्मक पूर्णाकों के 1,3,7 या 9 पर समाप्त होने की प्रायिकता = $\left(\frac{2}{5}\right)^n$.

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\left(\frac{4}{5}\right)^n-\left(\frac{2}{5}\right)^n=\frac{4^n-2^n}{5^n}$.

7. (b) अभीष्ट प्रायिकता = संख्या 7 की प्रायिकता या संख्या 8 की प्रायिकता $=P_7+P_8$

अब $P_7=\frac{1}{2}.\frac{1}{11}+\frac{1}{2}.\frac{6}{36}=\frac{1}{2}\left(\frac{1}{11}+\frac{1}{6}\right)$

$P_8=\frac{1}{2}.\frac{1}{11}+\frac{1}{2}.\frac{5}{36}=\frac{1}{2}\left(\frac{1}{11}+\frac{5}{36}\right)$

$\therefore\ P=\frac{1}{2}\left(\frac{2}{11}+\frac{11}{36}\right)=0.244$.

8. (d) यहाँ कोई $x$ नहीं होगा क्योंकि $P(AB)$, $P(ABC)$ से कभी कम नहीं होगा ।

9. (b) $P$( $A$ ,30 वर्ष में मर जाए) $=\frac{8}{8+5}=\frac{8}{13}$

माना $P(A)=\frac{8}{13}\Rightarrow P(\overline{A})=\frac{5}{13}$

इसी प्रकार $P(B)=\frac{4}{7}\Rightarrow P(\overline{B})=\frac{3}{7}$

एक व्यक्ति के 30 वर्ष तक जिन्दा रहने के दो तरीके हैं $\overline{A}B$ व $A\overline{B}$ एवं ये परस्पर स्वतंत्र हैं, अतः अभीष्ट प्रायिकता

$=P(\overline{A}).P(B)+P(A).P(\overline{B})=\frac{5}{13}\times\frac{4}{7}+\frac{8}{13}\times\frac{3}{7}=\frac{44}{91}$.

10. (a) एक बार में निशाना लगने की प्रायिकता $=\frac{10}{100}=\frac{1}{10}$

यदि वह $n$ बार निशाना लगाता है तो कम से कम एक बार निशाना लगाने की प्रायिकता

$=1-\left(1-\frac{1}{10}\right)^n=1-\left(\frac{9}{10}\right)^n=\frac{1}{2}$ (प्रश्नानुसार)

$\therefore\ \left(\frac{9}{10}\right)^n=\frac{1}{2}$, $\therefore\ n\{2\log_{10}3-1\}=-\log_{10}2$

$\therefore\ n=\left\{\frac{\log_{10}2}{1-12\log_{10}3}=\frac{0.3010}{1-2\times0.4771}=6.5\right.$ (लगभग)

अतः 6 निशानों के लिये प्रायिकता लगभग 53% है जबकि 7 निशानों के लिये यह लगभग 48% है।

11. (a) चूँकि $m$ और $n$ को 1 और 100 के बीच चुना जाता है अतः प्रतिदर्श समष्टि $=100\times100$.

साथ ही, $7^1=7$, $7^2=49$, $7^3=343$, $7^4=2401$, $7^5=16807$ इत्यादि अतः 7 की घात में आखिरी अंक 1, 3, 7 और 9 होंगे। अतः अनुकूल स्थितियाँ

$n\ m\rightarrow$

$\downarrow$

1, 1   1, 2   1, 3.......   1, 100

2, 1   2, 2   2, 3.......   2, 100

..........................................

100, 1   100, 2   100, 3....... 100, 100

$m=1$ के लिये $n=3,\ 7,\ 11.....97$

$\therefore$ अनुकूल स्थितियाँ = 25

$m=2$ के लिये $n=4,\ 8,\ 12.....100$

$\therefore$ अनुकूल स्थितियाँ = 25

इसी प्रकार प्रत्येक $m$ के लिये, अनुकूल $n$ = 25

$\therefore$ कुल अनुकूल स्थितियाँ $=100\times25$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{100\times25}{100\times100}=\frac{1}{4}$.

12. (b) यह प्रश्न बिना प्रतिस्थापन (without replacement) का है

$$P=\frac{\text{दो खराब में से एक खराब}}{\text{चार में से कोई एक}}\times\frac{\text{बची एक खराब मे से एक खराब}}{\text{बची तीन में से कोई एक}}$$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{2}{4}\times\frac{1}{3}=\frac{1}{6}$

**वैकल्पिक :** दो खराब मशीनों को चुनने के प्रकार (खराब मशीनों को पता करने के परीक्षण पर निर्भर) $={}^4C_2=6$

अनुकूल स्थितियाँ = 1

[जब खराब मशीन प्रथम तथा द्वितीय परीक्षण में पता चल जाये]

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{1}{6}$.

13. (b) दोनों पांसों से 9 आने की प्रायिकता $=\frac{4}{36}=\frac{1}{9}$

$\therefore$ दोनों पांसों से 9 नहीं आने की प्रायिकता $=\frac{8}{9}$

यदि $A$ जीतता है तो उसे पहली अथवा तीसरी अथवा पाँचवी उछाल में 9 फेंकना चाहिए।

यदि $B$ जीतता है, तो उसे दूसरी अथवा चौथी उछाल में 9 फेंकना चाहिए।

$\therefore$ $B$ के जीतने की प्रायिकता

$$=\left(\frac{8}{9}\right).\frac{1}{9}+\left(\frac{8}{9}\right)^3.\frac{1}{9}+....=\frac{\frac{8}{9}\times\frac{1}{9}}{1-\left(\frac{8}{9}\right)^2}=\frac{8}{17}.$$

14. (b) अनुकूल स्थितियों की संख्या $={}^{20}C_1=20$

प्रतिदर्श समष्टि $={}^{62}C_1=62$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{20}{62}=\frac{10}{31}$.

15. (d) माना छात्र के IIT में चुने जाने की घटना $A$ तथा रूड़की में चुने जाने की घटना $B$ है, तो

$P(A)=0.2,\ P(B)=0.5$ तथा $P(A\cap B)=0.3$.

अभीष्ट प्रायिकता $=P(\overline{A}\cap\overline{B})=1-P(A\cup B)$

$=1-(P(A)+P(B)-P(A\cap B))$

$=1-(0.2+0.5-0.3)=0.6$

16. (a) माना $n=$ कुल प्रकार $=12!$

व $m=$ अनुकूल प्रकार $=2\times6!\,.\,6!$

चूँकि लड़के व लड़कियाँ एकान्तर क्रम में $6!\,.\,6!$ 2! प्रकार से बैठ सकते हैं।

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{m}{n}=\frac{2\times6!\,.\,6!}{12!}=\frac{1}{462}$.

17. (a) यहाँ दो इक्के खींचने की कम से कम संख्या 2 एवं अधिक से अधिक 50 है। अतः $n$ का मान 2 से 50 तक हो सकता है। चूँकि दो इक्के प्राप्त करने के लिए $n$ बार खींचना होगा, चूँकि $(n-1)$ बार खींचने पर 4 में से कोई एक इक्का प्राप्त होता है एवं $n$वीं खींच में एक इक्का प्राप्त होगा।

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^4C_1 \times {}^{48}C_{n-2}}{{}^{52}C_{n-1}} \times \frac{3}{52-(n-1)}$

$= \frac{4 \times (48)!}{(n-2)!(48-n+2)!} \times \frac{(n-1)!(52-n+1)!}{(52)!} \times \frac{3}{52-n+1}$

$= \frac{(n-1)(52-n)(51-n)}{50 \times 49 \times 17 \times 13}$ (सरल करने पर).

18. (a) हम जानते हैं कि $n$ अवयवों वाले समुच्चय के कुल उपसमुच्चय $2^n$ होते हैं।

अतः $A$ व $B$ को चुनने के कुल तरीके $= 2^n.\ 2^n = 2^{2n}$

X के कुल उपसमुच्चय जिनमें $r$ अवयव हैं ${}^nC_r$ होते हैं। इसलिये $A$ व $B$ को जिनमें समान संख्या में अवयव हैं, के चुनने के कुल तरीके

$({}^nC_0)^2 + ({}^nC_1)^2 + ({}^nC_2)^2 + ...... + ({}^nC_n)^2 = {}^{2n}C_n$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^{2n}C_n}{2^{2n}}$.

19. (c) $n(S) = 6 \times 6 \times 6$

$n(E) =$ $x + y + z = 7$ के हलों की संख्या

जहाँ $1 \le x \le 6,\ 1 \le y \le 6,\ 1 \le z \le 6$

$= (x + x^2 + ....... + x^6)^3$ में $x^7$ का गुणांक

$= (1 + x + ...... + x^5)^3$ में $x^4$ का गुणांक

$= \left(\frac{1-x^6}{1-x}\right)^3$ में $x^4$ का गुणांक

$= (1 - 3.x^6 + 3.x^{12} - x^{18})(1-x)^{-3}$ में $x^4$ का गुणांक

$= (1 - 3x^6 + 3x^{12} - x^{18})$

$({}^2C_0 + {}^3C_1x + {}^4C_2x^2 + {}^5C_3x^3 + {}^6C_4x^4 + .......)$ में $x^4$ का गुणांक

$= {}^6C_4 = \frac{6\,!}{4\,!.2\,!} = \frac{6 \times 5}{2} = 15$

$\therefore\ p(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{15}{6 \times 6 \times 6} = \frac{5}{72}$.

20. (b) सात सफेद और तीन काली गेंदों को एक पंक्ति में रखने के कुल प्रकार $= \frac{10\,!}{7\,!.3\,!} = \frac{10.9.8}{1.2.3} = 120$

सात काली गेंदों के बीच छः स्थान एवं एक सबसे पहले तथा एक सबसे आखिरी में, अतः कुल 8 स्थानों पर तीन काली गेंदें रखी जाएँ तो कोई भी काली गेंद निकटवर्ती नहीं होगी

अतः 8 स्थानों पर तीन काली गेंदों को रखने के कुल प्रकार

$= {}^8C_3 = \frac{8 \times 7 \times 6}{1 \times 2 \times 3} = 56$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{56}{120} = \frac{7}{15}$.

21. (d) माना $p$ दूसरी घटना की प्रायिकता है तो पहली घटना की प्रायिकता $\frac{2}{3}p$ होगी (चूँकि दोनों घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं)

अतः $p + \left(\frac{2}{3}\right)p = 1 \Rightarrow p = \frac{3}{5}$

$\therefore$ दूसरी के अनुकूल संयोगानुपात $3 : 5 - 3$ अर्थात् $3 : 2$ है।

22. (c) $P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$

$\Rightarrow P(A \cap B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$

$\{\because\ P(A \cap B) = P(A \cup B)\}$

$\Rightarrow 2P(A \cap B) = P(A) + P(B)$

$\Rightarrow 2P(A).\frac{P(A \cap B)}{P(A)} = P(A) + P(B)$

$\Rightarrow 2P(A).P\left(\frac{B}{A}\right) = P(A) + P(B)$.

23. (b) $P(\overline{A} \cap \overline{B}) = P(\overline{A \cup B}) = 1 - P(A \cup B)$

चूँकि $A$ व $B$ परस्पर अपवर्जी हैं। अतः

$P(A \cup B) = P(A) + P(B)$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= 1 - (0.5 + 0.3) = 0.2$ .

24. (d) यह स्पष्ट है।

25. (a) हम जानते हैं कि $P(A/B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)}$

एवं $P(A \cup B) \le 1$

$\Rightarrow P(A) + P(B) - P(A \cap B) \le 1$

$\Rightarrow P(A \cap B) \ge P(A) + P(B) - 1$

$\Rightarrow \frac{P(A \cap B)}{P(B)} \ge \frac{P(A) + P(B) - 1}{P(B)}$

$\Rightarrow P(A/B) \ge \frac{P(A) + P(B) - 1}{P(B)}$

26. (a) माना घटनायें इस प्रकार हैं कि

$R_1 = A$ में से एक लाल गेंद निकालकर $B$ में रख दी जाए

$B_1 = A$ में से एक काली गेंद निकालकर $B$ में रख दी जाए

$R_2 = B$ में से एक लाल गेंद निकालकर $A$ में रख दी जाए

$B_2 = B$ में से एक काली गेंद निकालकर $A$ में रख दी जाए

$R =$ दूसरे प्रयास में $A$ में से एक लाल गेंद निकाली जाए

अतः अभीष्ट प्रायिकता

$= P(R_1R_2R) + (R_1B_2R) + P(B_1R_2R) + P(B_1B_2R)$

$= P(R_1)P(R_2)P(R) + P(R_1)P(B_2)P(R) + P(B_1)P(R_2)P(R) + P(B_1)P(B_2)P(R)$

$= \frac{6}{10} \times \frac{5}{11} \times \frac{6}{10} + \frac{6}{10} \times \frac{6}{11} \times \frac{5}{10} + \frac{4}{10} \times \frac{4}{11} \times \frac{7}{10} + \frac{4}{10} \times \frac{7}{11} \times \frac{6}{10}$

$= \frac{32}{55}$.

27. (d) चूँकि $P(A \cup B) \ge$ अधिकतम $\{P(A), P(B) = \frac{2}{3}$

$P(A \cap B) \le$ न्यूनतम $\{P(A), P(B)\} = \frac{1}{2}$

व $P(A \cap B) = P(A) + P(B) - P(A \cup B) \ge P(A) - P(B) - 1 = \frac{1}{6}$

$\Rightarrow \frac{1}{6} \le P(A \cap B) \le \frac{1}{2}$

$P(A' \cap B) = P(B) - P(A \cap B)$

अतः $\frac{2}{3} - \frac{1}{2} \le P(A' \cap B) \le \frac{2}{3} - \frac{1}{6}$

$\Rightarrow \frac{1}{6} \le P(A' \cap B) \le \frac{1}{2}$.

**28.** (c) एक लीप वर्ष में 366 दिन, जिसमें 52 सप्ताह व 2 दिन होते हैं। इन दो दिनों की निम्न संभावना हो सकती हैं।

(i) रविवार, सोमवार (ii) सोमवार, मंगलवार
(iii) मंगलवार, बुधवार (iv) बुधवार, गुरूवार
(v) गुरूवार, शुक्रवार (vi) शुक्रवार, शनिवार
(vii) शनिवार, रविवार

माना दो घटनायें निम्न प्रकार से हैं :

$A$ : लीप वर्ष में 53 रविवार हैं

$B$ : लीप वर्ष में 53 सोमवार हैं

$P(A) = \frac{2}{7},\ P(B) = \frac{2}{7},\ P(A \cap B) = \frac{1}{7}$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= P(A \cup B)$

$= P(A) + P(B) - P(A \cap B) = \frac{2}{7} + \frac{2}{7} - \frac{1}{7} = \frac{3}{7}$.

**29.** (b, c) माना $M, P$ और $C$ क्रमशः गणित, भौतिक तथा रसायन में उत्तीर्ण होने की घटनायें हों तब

$P(M \cup P \cup C) = \frac{75}{100} = \frac{3}{4}$

$P(M \cap P) + P(P \cap C) + P(M \cap C) - 2P(M \cap P \cap C) = \frac{50}{100} = \frac{1}{2}$

$P(M \cap P) + P(P \cap C) + P(M \cap C) - 2P(M \cap P \cap C) = \frac{40}{100} = \frac{2}{5}$

$\therefore\ m(1-p)(1-c) + p(1-m)(1-c) + c(1-m)(1-p)$

$+ mp(1-c) + mc(1-p) + pc(1-m) + mpc = \frac{3}{4}$

$\Rightarrow m + p + c - mc - mp - pc + mpc = \frac{3}{4}$ .....(i)

इसी प्रकार $mp(1-c) + pc(1-m) + mc(1-p) + mpc = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow mp + pc + mc - 2mpc = \frac{1}{2}$ .....(ii)

$mp(1-c) + pc(1-m) + mc(1-p) = \frac{2}{5}$

$\Rightarrow mp + pc + mc - 3mpc = \frac{2}{5}$ .....(iii)

(ii) और (iii) से, $mpc = \frac{1}{2} - \frac{2}{5} = \frac{1}{10}$

(i) और (ii) से, $m + p + c - mpc = \frac{3}{4} + \frac{1}{2}$

$\therefore\ m + p + c = \frac{3}{4} + \frac{1}{2} + \frac{1}{10} = \frac{15 + 10 + 2}{20} = \frac{27}{20}$.

**30.** (d) माना एक सफेद गेंद पहले थैले में से दूसरे थैले में स्थानान्तरित की गयी। पहले थैले में से सफेद गेंद चुनने के तरीके $= \frac{5}{9}$, अब दूसरे थैले में 8 सफेद व 9 काली गेंदें हैं दूसरे थैले में से सफेद गेंद चुनने के तरीके $= \frac{8}{17}$.

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{5}{9} \times \frac{8}{17} = \frac{40}{153}$

अब यदि पहले थैले में से काली गेंद चुनकर दूसरे में रखी गयी है, तो प्रायिकता $= \frac{4}{9} \times \frac{7}{17} = \frac{28}{153}$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{40}{153} + \frac{28}{153} = \frac{4}{9}$.

**31.** (d) माना पहली संख्या $x$ एवं दूसरी $y$ है। माना घटना $A$, दोनों संख्याओं का अन्तर कम से कम $m$. होने को प्रदर्शित करती है। माना $E_x$ घटना प्रथम संख्या $x$, के चुने जाने को प्रदर्शित करती है। अतः $x - y \ge m$ या $y \le x - m$. इसलिये $x > m$ व $y < n - m$. इस प्रकार के लिए $0 < x \le m$ $P(E_x) = 0$ व $m < x \le n$. के लिए $P(E_x) = \frac{1}{n}$ एंव $P(A/E_x) = \frac{(x-m)}{(n-1)}$

अतः $P(A) = \sum_{x=1}^{n} P(E_x)\, P(A/E_x)$

$= \sum_{x=m+1}^{n} P(E_x)\, P(A/E_x) = \sum_{x=m+1}^{n} \frac{1}{n} \cdot \frac{x-m}{n-1}$

$= \frac{1}{n(n-1)}[1 + 2 + 3 + ..... + (n-m)]$

$= \frac{(n-m)(n-m+1)}{2n(n-1)}$.

**32.** (d) माना नये गुणनफल के सम्मिलित होने की घटना $E$ है तो

$P(A) = 0.5$, $P(B) = 0.3$, $P(C) = 0.2$ व

$P(E/A) = 0.7,\ P(E/B) = 0.6,\ P(E/C) = 0.5$.

$\because$ $A, B$ व $C$ परस्पर अपवर्जी एवं सम्पूर्ण घटनायें हैं

$P(E) = P(A).P(E/A) + P(B).P(E/B) + P(C).P(E/C)$

$= 0.5 \times 0.7 + 0.3 \times 0.6 + 0.2 \times 0.5$

$= 0.35 + 0.18 + 0.10 = 0.63$.

**33.** (a) $P\left(\frac{B}{A}\right) = \frac{P(A \cap B)}{P(A)} \Rightarrow \frac{1}{2} = \frac{P(A \cap B)}{1/4}$

$\Rightarrow P(A \cap B) = \frac{1}{8}$

अतः घटनाएँ $A$ तथा $B$ परस्पर अपवर्जी नहीं हैं

$\therefore$ कथन II गलत है।

$P\left(\frac{A}{B}\right) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)} \Rightarrow P(B) = \frac{1}{2}$

$\because$ $P(A \cap B) = \frac{1}{8} = P(A).P(B)$

$\therefore$ घटनाएँ A तथा B स्वतंत्र घटनाएँ हैं

$P\left(\frac{A^c}{B^c}\right) = \frac{P(A^c \cap B^c)}{P(B^c)} = \frac{P(A^c)P(B^c)}{P(B^c)} = \frac{3}{4} \cdot \frac{1}{2} \cdot \frac{2}{1} = \frac{3}{4}$

अतः कथन I सही हैं

पुनः $P\left(\frac{A}{B}\right) + P\left(\frac{A}{B^c}\right) = \frac{1}{4} + \frac{P(A \cap B^c)}{P(B^c)}$

$= \frac{1}{4} + \frac{P(A) - P(A \cap B)}{P(B^c)} = \frac{1}{4} + \frac{\frac{1}{4} - \frac{1}{8}}{\frac{1}{2}} = \frac{1}{4} + \frac{1}{4} = \frac{1}{2}$

अतः कथन III गलत है।

**34.** (c) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{1}{2}.\frac{4}{7} + \frac{1}{2}.\frac{6}{8} = \frac{37}{56}$.

**35.** (a) $P$( न्यूनतम अंकित मान 2 से कम नहीं एवं अधिकतम 5 से बड़ा नहीं)

$= P$(2 या 3 या 4 या 5)

$= \frac{4}{6} = \frac{2}{3}$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= {}^4C_4 \left(\frac{2}{3}\right)^4 \left(\frac{1}{3}\right)^0 = \frac{16}{81}$.

**36.** (b) भारत द्वारा खेले गये मैच 4 हैं। किसी भी मैच में अधिकतम अंक 2 हैं। अतः 4 मैचों से अधिकतम अंक 8 होंगे। अतः कम से कम 7 का अर्थ 7 या 8

अभीष्ट प्रायिकता $(P) = p(7) + p(8)$

$p(7) = {}^4C_1 (0.05)(0.5)^3 = 0.0250$

$p(8) = (0.5)^4 = 0.0625$

$\Rightarrow P = 0.0875$ .

**37.** (a) माध्य $= np = 3$, मानक विचलन $= \sqrt{npq} = \frac{3}{2}$

$\Rightarrow q = \frac{npq}{np} = \frac{9}{4 \times 3} = \frac{3}{4}$

$\Rightarrow p = 1 - \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$

अतः द्विपद बंटन $= (q+p)^n = \left(\frac{3}{4} + \frac{1}{4}\right)^{12}$ .

**38.** (a) माना 1, 3 या 4 पाँसे पर $X$ बार आते हैं तो $X$, $p = \frac{3}{6} = \frac{1}{2}$. के लिए द्विपद बंटन का पालन करेगा।

अतः $P$(1, 3 या 4 पाँसे पर ज्यादा से ज्यादा $n$ बार आये)

$= P(0 \le X \le n) = P(X = 0) + P(X = 1) + ..... + P(X = n)$

$= {}^{2n+1}C_0 \left(\frac{1}{2}\right)^{2n+1} + {}^{2n+1}C_1 \left(\frac{1}{2}\right)^{2n+1} + ..... + {}^{2n+1}C_n \left(\frac{1}{2}\right)^{2n+1}$

$= \left[{}^{2n+1}C_0 + {}^{2n+1}C_1 + ..... + {}^{2n+1}C_n\right] \left(\frac{1}{2}\right)^{2n+1}$

माना $S = {}^{2n+1}C_0 + {}^{2n+1}C_1 + ...... + {}^{2n+1}C_n$

$\Rightarrow 2S = 2.{}^{2n+1}C_0 + 2.{}^{2n+1}C_1 + ....... + 2\,{}^{2n+1}C_n$

$= \left({}^{2n+1}C_0 + {}^{2n+1}C_{2n+1}\right) + \left({}^{2n+1}C_1 + {}^{2n+1}C_{2n}\right) + .........$
$+ \left({}^{2n+1}C_n + {}^{2n+1}C_{n+1}\right)$

$\Rightarrow S = 2^{2n}$.

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= 2^{2n} \left(\frac{1}{2}\right)^{2n+1} = \frac{1}{2}$.

**39.** (c) प्रथम 6 बार गेंद निकालने पर 3 सफेद गेंद तथा 7वीं बार में पुनः सफेद गेंद आने की प्रायिकता

$P = {}^6C_3 \times \left(\frac{1}{2}\right)^3 \left(\frac{1}{2}\right) \left(\frac{1}{2}\right) \Rightarrow P = \frac{5}{32}$.

**40.** (a) माना $p_1, p_2$ दी गयी घटनाओं की प्रायिकताएँ हैं, अतः

$p_1 = p_2^2$ तथा $\frac{1-p_1}{p_1} = \left(\frac{1-p_2}{p_2}\right)^3$

$\Rightarrow p_2 = \frac{1}{3}$; अतः $p_1 = \frac{1}{9}$.

# çkf;drk

## SET Self Evaluation Test -28

**1.** एक बॉक्स में 15 टिकट हैं जिन पर 1, 2, ....... 15 अंक अंकित हैं। वापिस रखते हुये एक-एक करके 7 टिकट यादृच्छिक रूप से निकाले जाते हैं। निकाले गये टिकटों पर अधिकतम अंक 9 अंकित होने की प्रायिकता है **[CEE 1993; BIT Ranchi 1990; IIT 1983]**

(a) $\left(\frac{9}{10}\right)^6$ (b) $\left(\frac{8}{15}\right)^7$

(c) $\left(\frac{3}{5}\right)^7$ (d) इनमें से कोई नहीं

**2.** शतरंज बोर्ड में से यदृच्छया 2 वर्ग चुने जाते हैं उनकी एक भुजा उभयनिष्ठ होने की प्रायिकता है

(a) 1/9 (b) 2/7

(c) 1/18 (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** एक विशेष गोल्फ शुरू करने वाले की सही क्लब (Club) से अच्छा शॉट मारने की प्रायिकता $\frac{1}{3}$ है तथा खराब क्लब से अच्छा शॉट मारने की प्रायिकता $\frac{1}{4}$ है। उसके थैले में 5 क्लब हैं जिनमें से केवल एक सही क्लब है। यदि वह यदृच्छया एक क्लब चुनता है तो उसके अच्छे शॉट मारने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{12}$

(c) $\frac{4}{15}$ (d) $\frac{7}{12}$

**4.** यदि $\frac{1-3p}{2}, \frac{1+4p}{3}$ व $\frac{1+p}{6}$ क्रमशः तीन परस्पर अपवर्जी एवं सम्पूर्ण घटनाओं (Exhaustive Events) की प्रायिकतायें हैं, तो $p$ के सभी मानों का समुच्चय है

**[MNR 1992; RPET 2000; UPSEAT 2000]**

(a) [0, 1] (b) $\left[-\frac{1}{4}, \frac{1}{3}\right]$

(c) $\left[0, \frac{1}{3}\right]$ (d) $(0, \infty)$

**5.** एक व्यक्ति एकान्तरतः एक सिक्का उछालता है व एक पाँसा फेंकता है। यदि वह सिक्के से शुरू करे, तो इस बात की प्रायिकता उसे पाँसे पर 5 या 6 मिलने से पहले सिक्के पर शीर्ष प्राप्त हो, है

**[Roorkee 1988]**

(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**6.** दो व्यक्तियों '*A*' व '*B*' के पास क्रमशः $n+1$ व $n$ सिक्के हैं जिन्हें वे एकान्तरतः फेंकते हैं तब $A$ के पास $B$ से अधिक शीर्ष आने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $>\frac{1}{2}$

(c) $<\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**7.** दो पाँसे एक के बाद एक फेंके जाते हैं, तो पहले पाँसे पर अंकित संख्या दूसरे पाँसे पर अंकित संख्या से कम होने की प्रायिकता होगी

(a) 1/2 (b) 7/18

(c) 3/4 (d) 5/12

**8.** $A$ व $B$ सिक्कों को एक साथ 50 बार फेंकते हैं, तो एक ही उछाल पर दोनों के द्वारा पुच्छ न प्राप्त करने की प्रायिकता होगी

(a) $\left(\frac{3}{4}\right)^{50}$ (b) $\left(\frac{2}{7}\right)^{50}$

(c) $\left(\frac{1}{8}\right)^{50}$ (d) $\left(\frac{7}{8}\right)^{50}$

**9.** प्रथम 100 प्राकृत संख्याओं में से तीन विभिन्न संख्यायें चुनी जाती हैं। तीनों संख्याओं के 2 व 3 से विभाज्य होने की प्रायिकता है

**[IIT Screening 2004; Kerala Engg. 2005]**

(a) 4/25 (b) 4/35

(c) 4/55 (d) 4/1155

**10.** तीन 6 पृष्ठीय संतुलित पाँसे एक साथ फेंके जाते हैं, तो अंकों का योग $k$, जहाँ $(3 \le k \le 8)$, प्राप्त करने की प्रायिकता है

(a) $\frac{(k-1)(k-2)}{432}$ (b) $\frac{k(k-1)}{432}$

(c) $\frac{k^2}{432}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**11.** 21टिकटों जिन पर 1 से लेकर 21 तक अंक अंकित हैं, में से 3 टिकट यदृच्छया चुने जाते हैं तो चुने हुए टिकटों पर अंकित संख्यायें समान्तर श्रेणी में होने की प्रायिकता है

**[Roorkee 1988; DCE 1999]**

(a) $\frac{10}{133}$ (b) $\frac{9}{133}$

(c) $\frac{9}{1330}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**12.** किसी शतरंज बोर्ड के तीन वर्गो को यदृच्छया चुना जाता है, तो दो वर्गो के समान रंग के एवं एक के भिन्न रंग के होने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{16}{21}$ (b) $\frac{8}{21}$

(c) $\frac{32}{12}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** एक पाँच अंकों की संख्या अंकों 1, 2, 3, 4, 5 को यदृच्छया लेकर बनायी जाती है, जबकि संख्या में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति नहीं होती है, तब संख्या के 4 से विभाज्य होने की प्रायिकता है **[Orissa JEE 2003]**

(a) $\frac{3}{5}$ (b) $\frac{18}{5}$

(c) $\frac{1}{5}$ (d) $\frac{6}{5}$

**14.** यदि $n$ व्यक्तियों की एक समिति गोल मेज के चारों ओर बैठी है, तो दो विशेष व्यक्तियों के एक साथ बैठने के प्रतिकूल संयोगानुपात हैं **[MP PET 2002]**

(a) $2:(n-3)$ (b) $(n-3):2$

(c) $(n-2):2$ (d) $2:(n-2)$

**15.** माना कि $E$ व $F$ दो स्वतंत्र घटनायें हैं $E$ व $F$ दोनों के घटने की प्रायिकता $\frac{1}{12}$ है तथा "न तो $E$ और न $F$" से घटने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है, तो **[IIT 1993]**

(a) $P(E)=\frac{1}{3}, P(F)=\frac{1}{4}$ (b) $P(E)=\frac{1}{2}, P(F)=\frac{1}{6}$

(c) $P(E)=\frac{1}{6}, P(F)=\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**16.** एक पाँसा युग्म तब तक फेंका जाता है जब तक कि योग 5 या 7 प्राप्त न हो जाए, तो 5 के 7 से पहले आने की प्रायिकता है **[IIT 1989]**

(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{4}{5}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**17.** दो समसन्तुलित पाँसों को एक ही साथ उछाला जाता है। प्राप्त अंकों का योग विषम अथवा 7 से कम अथवा दोनों ही हों, इसकी प्रायिकता है

(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) $\frac{1}{3}$

**18.** एक विद्यार्थी टेस्ट I, II एवं III में बैठता है। विद्यार्थी सफल माना जाता है, यदि वह I व II तथा I व III में से कोई एक टेस्ट पास कर लेता है। विद्यार्थी के टेस्ट I, II व III में पास होने की प्रायिकतायें क्रमशः $p$, $q$ व 1/2 हैं। यदि विद्यार्थी के सफल होने की प्रायिकता 1/2 है, तो **[IIT 1986]**

(a) $p=1, q=0$ (b) $p=\frac{2}{3}, q=\frac{1}{2}$

(c) $p$ व $q$ के अनन्त मान होंगे (d) उपरोक्त सभी

**19.** तीन घटनाओं $A$, $B$ एवं $C$ के लिये प्रायिकताओं $P$ ($A$ अथवा $B$ में केवल एक घटित होती है) = $P$ ($B$ अथवा $C$ में केवल एक घटित होती है) = $P$ ($A$ अथवा $C$ में केवल एक घटित होती है) = $p$ तथा $P$ (तीनों घटनाएँ एक साथ घटित होती हैं) $=p^2$, जहाँ $0<p<1/2$ है। तीनों घटनाओं $A$, $B$ और $C$ में कम से कम एक के घटित होने की प्रायिकता है **[IIT 1996]**

(a) $\frac{3p+2p^2}{2}$ (b) $\frac{p+3p^2}{4}$

(c) $\frac{p+3p^2}{2}$ (d) $\frac{3p+2p^2}{4}$

**20.** यदि $P(B)=\frac{3}{4}$, $P(A\cap B\cap \overline{C})=\frac{1}{3}$ तथा $P(\overline{A}\cap B\cap \overline{C})=\frac{1}{3}$, तब $P(B\cap C)$ का मान है **[IIT Screening 2003]**

(a) $\frac{1}{12}$ (b) $\frac{1}{6}$

(c) $\frac{1}{15}$ (d) $\frac{1}{9}$

**21.** एक बॉक्स में 100 टिकट हैं जिन पर 1, 2 ...... 100 अंकित है। दो टिकट यदृच्छया चुन लिए जाते हैं। यह दिया है कि उन टिकटों पर अधिकतम संख्या 10 से ज्यादा नहीं है तो उन पर न्यूनतम संख्या 5 होने की प्रायिकता है **[IIT 1985]**

(a) $\frac{1}{8}$ (b) $\frac{13}{15}$

(c) $\frac{1}{7}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** एक आदमी $x$ वर्ष का है उसके एक वर्ष में मरने की प्रायिकता $p$ है, तो $n$ आदमी $A_1, A_2, A_3 ...... A_n$ जो कि प्रत्येक $x$ वर्ष का हैं, में से $A_1$ एक वर्ष में मर जाए तथा वह मरने वाला प्रथम व्यक्ति हो, इसकी प्रायिकता है **[MNR 1987; UPSEAT 2000]**

(a) $\frac{1}{n}[1-(1-p)^n]$ (b) $[1-(1-p)^n]$

(c) $\frac{1}{n-1}[1-(1-p)^n]$ (d) इनमें से कोई नहीं

**23.** एक ताश की गड्डी में केवल 51 पत्ते हैं। यदि पहले 13 पत्ते (निरीक्षण करने पर) लाल पाये गये, तो खोये हुए पत्तों के काले होने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{2}{3}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{^{25}C_{13}}{^{51}C_{13}}$

**24.** तीन बक्सों, जिनमें से एक में 3 सफेद और 1 काली, दूसरे में 2 सफेद और 2 काली ओर तीसरे में 1सफेद और 3 काली गेंदें रखी हैं, प्रत्येक से एक गेंद यादृच्छिक तरीके से निकाली जाती है। 2 सफेद और 1 काली गेंदों को निकाले जाने की प्रायिकता होगी **[IIT 1998]**

(a) 13/32 (b) 1/4

(c) 1/32 (d) 3/16

**25.** 100 एकसमान सिक्के, प्रत्येक को एक बार उछालने पर शीर्ष आने की प्रायिकता $p$ है। यदि $0<p<1$ तथा 50 सिक्कों के शीर्ष ऊपर आने की एवं 51 सिक्कों के शीर्ष ऊपर आने की प्रायिकता बराबर है, तो $p$ का मान है **[IIT 1988, CEE 1993; MP PET 2001]**

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{49}{101}$

(c) $\frac{50}{101}$ (d) $\frac{51}{101}$

**26.** एक सिक्का $n$ बार उछाला जाता है। माना $X$ शीर्ष आने की संख्या है। यदि $P(X=4), P(X=5)$ एवं $P(X=6)$ हरात्मक श्रेणी में हैं, तो $n$ का मान है **[IIT Screening]**

(a) 7 (b) 10

(c) 14 (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** माना $X$ प्राचलिक $n$ व $p$ के लिए द्विपद बंटन का पालन करता है जहाँ $0<p<1$, यदि $\frac{P(X=r)}{P(X=n-r)}$ $n$ व $r$ से स्वतंत्र हैं, तो

(a) $p=1/2$ (b) $p=1/3$

(c) $p=1/4$ (d) इनमें से कोई नहीं

**28.** एक व्यक्ति आगे की ओर 0.4 प्रायिकता के साथ एवं पीछे की ओर 0.6 प्रायिकता के साथ कदम बढ़ाता है, तो ग्यारहवें कदम के बाद उसके प्रारम्भिक बिन्दु से एक कदम आगे होने की प्रायिकता होगी

(a) ${}^{11}C_6 (0.24)^5$ (b) ${}^{11}C_6 (0.4)^6 (0.6)^5$

(c) ${}^{11}C_6 (0.6)^6 (0.4)^5$ (d) इनमें से कोई नहीं

**29.** 300 छात्रों वाले एक कॉलेज का प्रत्येक छात्र 5 अखबार पढ़ता हैं तथा प्रत्येक अखबार 60 छात्रों द्वारा पढ़ा जाता है। अखबारों की संख्या होगी **[IIT 1998]**

(a) कम से कम 30 (b) अधिक से अधिक 20

(c) ठीक 25 (d) इनमें से कोई नहीं

**30.** यदि एक यादृच्छिक चर $X$ का पॉयसन (Poission's) बंटन का माध्य 2 है, तब $P(X>1.5)=$ **[AIEEE 2005]**

(a) $1-\frac{3}{e^2}$ (b) $\frac{3}{e^2}$

(c) $\frac{2}{e^2}$ (d) 0

# Answers and Solutions

**(SET - 28)**

**1.** (c) परीक्षण करने पर $n=15$ चूँकि चुने गये सिक्के पर कोई भी (15 में से) संख्या हो सकती है एवं $m=9$, चूँकि सबसे बड़ी संख्या 9 है। अतः यह 1 या 2 या 3......... या 9, हो सकती है।

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\left(\frac{9}{15}\right)^7=\left(\frac{3}{5}\right)^7$.

**2.** (c) पहला वर्ग चुनने के तरीके = 64 एवं दूसरे वर्ग के चुनने के तरीके = 63, अतः पहला व दूसरा वर्ग चुनने के कुल तरीके $=64\times 63=4032$ । अब हम अनुकूल परिस्थितियाँ ज्ञात करने पर विचार करेंगे। यदि पहला वर्ग कोने के 4 वर्गों में कोई है तो दूसरा 2 प्रकार से चुना जा सकता है यदि पहला वर्ग किसी भी साइड के 24 वर्गों में से एक है तो दूसरा वर्ग 3 प्रकार से चुना जा सकता है। और यदि पहला वर्ग शेष 36 वर्गो में से कोई है तो दूसरा वर्ग 4 प्रकार से चुना जा सकता है

अतः अनुकूल स्थितियाँ $=(4)(2)+(24)(3)+(36)(4)=224$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{224}{4032}=\frac{1}{18}$.

**3.** (c) अभीष्ट प्रायिकता= सही क्लब व अच्छे शॉट की प्रायिकता या गलत क्लब व अच्छे शॉट की प्रायिकता

$=\frac{1}{5}\times\frac{1}{3}+\frac{4}{5}\times\frac{1}{4}=\frac{4}{15}$.

**4.** (b) चूँकि घटनायें परस्पर अपवर्जी व पूर्ण हैं।

$\Rightarrow \frac{1-3p}{2}+\frac{1+4p}{3}+\frac{1+p}{6}=1$

एवं $0\le\frac{1-3p}{2}\le 1$ व $0\le\frac{1+4p}{3}\le 1$ व $0\le\frac{1+p}{6}\le 1$

$0\le\frac{1+3p}{2}\le 1\Rightarrow p\in\left[-\frac{1}{3},\frac{1}{3}\right]$,

$0\le\frac{1+4p}{3}\le 1\Rightarrow p\in\left[-\frac{1}{4},\frac{1}{2}\right]$,

व $0\le\frac{1+p}{6}\le 1\Rightarrow p\in[-1,5]$

अतः $p$ के वे मान जो उपरोक्त सभी असमिकाओं को सन्तुष्ट करते हैं $\left[-\frac{1}{4},\frac{1}{3}\right]$ हैं।

**5.** (a) शीर्ष आने की प्रायिकता $=\frac{1}{2}$ व पाँसा फेंकने पर 5 या 6 आने की प्रायिकता $=\frac{2}{6}=\frac{1}{3}$ वह सिक्के से शुरू करता है तथा सिक्का व पाँसा एकान्तर क्रम से उछालता है। वह जीतेगा यदि उसे पाँसे पर 5 या 6 आने से पूर्व सिक्के पर शीर्ष प्राप्त हो। अतः अभीष्ट प्रायिकता

$=\frac{1}{2}+\left(\frac{1}{2}\cdot\frac{2}{3}\right)\cdot\frac{1}{2}+\left(\frac{1}{2}\cdot\frac{2}{3}\right)\cdot\left(\frac{1}{2}\cdot\frac{2}{3}\right)\times\frac{1}{2}+..$

$=\frac{1}{2}\left[1+\frac{1}{3}+\left(\frac{1}{3}\right)^2+.......\right]=\frac{1}{2}.\frac{1}{1-(1/3)}=\frac{3}{4}$.

**6.** (a) माना $\lambda,\mu$ व $\lambda',\mu'$ क्रमशः $A$ व $B$ द्वारा फेंके गये शीर्ष व पुच्छ की संख्या है ताकि

$\lambda+\lambda'=n+1$ व $\mu+\mu'=n$.

अभीष्ट प्रायिकता $P$, असमिका $\lambda > \mu$. की प्रायिकता है।
$1-P$ वह प्रायिकता है जब $A, B$ से अधिक पुच्छ फेंकता है
**[कारण :** $\lambda \le \mu \Rightarrow n+1-\lambda' \le n-\mu'$
$\Rightarrow 1-\lambda' \le -\mu' \Rightarrow \lambda'-1 \ge \mu' \Rightarrow \lambda' \ge \mu'+1 > \mu']$
सममिति के कारण से, $1-P=P$ या $P=\frac{1}{2}$.

**7.** (d) माना दो घटनायें :
$A_i \to$ प्रथम पाँसे पर संख्या $i$
$B_i \to$ दूसरे पाँसे पर $i$ से बड़ी संख्या
अभीष्ट प्रायिकता

$$= P(A_1 \cap B_1) + P(A_2 \cap B_2) + P(A_3 \cap B_3) + P(A_4 \cap B_4) + P(A_5 \cap B_5)$$

$$= \sum_{i=1}^{5} P(A_i \cap B_i) = \sum_{i=1}^{5} P(A_i)P(B_i) \quad (\because A_i, B_i \text{ स्वतंत्र हैं})$$

$$= \frac{1}{6}(P(B_1) + P(B_2) + ..... + P(B_5))$$

$$= \frac{1}{6}\left(\frac{5}{6}+\frac{4}{6}+\frac{3}{6}+\frac{2}{6}+\frac{1}{6}\right) = \frac{5}{12}.$$

**8.** (a) प्रत्येक उछाल के लिए चार विकल्प हैं :
(i) $A$ शीर्ष, $B$ शीर्ष (ii) $A$ पुच्छ, $B$ शीर्ष ,
(iii) $A$ शीर्ष, $B$ पुच्छ (iv) $A$ शीर्ष, $B$ शीर्ष
अतः कुल प्रकार $= 4^{50}$.
उपरोक्त में से (iv) अनुकूल नहीं हैं, तो अनुकूल प्रकार $= 3^{50}$
अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \left(\frac{3}{4}\right)^{50}$ .

**9.** (d) संख्याओं को 6 से विभाज्य होना चाहिये अतः अनुकूल तरीकों की संख्या = $^{16}C_3$ चूँकि प्रथम 100 प्राकृत संख्याओं में 16 संख्यायें ऐसी होती है जो 6 से विभाज्य होती हैं).

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता = $\frac{^{16}C_3}{^{100}C_3} = \frac{16 \times 15 \times 14}{100 \times 99 \times 98} = \frac{4}{1155}$ .

**10.** (a) कुल परिस्थितियाँ $= 6 \times 6 \times 6 = 216$
अनुकूल प्रकार
= $(x + x^2 + ..... + x^6)^3$ में $x^k$ का गुणांक
= $(1-x^6)(1-x)^{-3}$ में $x^{k-3}$ का गुणांक
= $(1-x)^{-3}$, में $x^{k-3}$ का गुणांक $\{0 \le k-3 \le 5\}$
= $(1 + {}^3C_1 x + {}^4C_2 x^2 + {}^5C_3 x^3 + .....)$ में $x^{k-3}$ का गुणांक
= $^{k-1}C_2 = \frac{(k-1)(k-2)}{2}$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{(k-1)(k-2)}{432}$.

**11.** (a) कुल तरीके $= {}^{21}C_3 = 1330$. यदि समान्तर श्रेणी का सार्वअन्तर 1 है तो सम्भव समूह
1, 2, 3; 2, 3, 4 ;........ 19, 20, 21 हैं।
यदि सार्वअन्तर 2 है तो सम्भव समूह
1, 3, 5; 2, 4, 6 ;........ 17, 19, 21 हैं
इसी प्रकार यदि सार्वअन्तर 10 है तो सम्भव समूह 1, 10, 21 होगा अर्थात् यदि सार्वअन्तर 11 या 11 से बड़ा है तो अनुकूल परिस्थिति नहीं होगी
अतः कुल अनुकूल परिस्थितियाँ
$= 19 + 17 + 15 + ...... + 3 + 1 = 100$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{100}{1330} = \frac{10}{133}$.

**12.** (a) तीन वर्गों को $^{64}C_3$ प्रकार से एवं दो एक रंग, एक अन्य रंग का निम्न दो परस्पर अपवर्जी तरीकों से चयन किया जा सकता है
(i) दो सफेद तथा एक काला व (ii) दो काले तथा एक सफेद ।
अतः अनुकूल प्रकार $= {}^{32}C_2 \times {}^{32}C_1 + {}^{32}C_1 \times {}^{32}C_2$.

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{2({}^{32}C_1 . {}^{32}C_2)}{^{64}C_3} = \frac{16}{21}$.

**13.** (c) संख्या 4 से विभाजित होगी, यदि अंतिम दो संख्याएँ 12, 24, 32 तथा 52 हो। शेष तीन स्थानों को 3 प्रकार से भरा जा सकता है।
$\therefore$ अनुकूल स्थितियाँ $= 3! \times 4$
$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{3! \times 4}{5!} = \frac{1}{5}$.

**14.** (b) $n$ व्यक्तियों के गोल मेज पर बैठने के कुल प्रकार $= (n-1)!$.
$\therefore$ अनुकूल प्रकार $= 2!(n-2)!$
$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{2!(n-2)!}{(n-1)!} = \frac{2}{n-1}$
अतः प्रतिकूल के संयोगानुपात $(1-p):p$ या $(n-3):2$ होंगे।

**15.** (a) दिया है $P(E \cap F) = \frac{1}{12}$ व $P(\overline{E} \cap \overline{F}) = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow P(E).P(F) = \frac{1}{12}$ .....(i)

व $P(\overline{E}).P(\overline{F}) = \frac{1}{2}$ .....(ii)

$\Rightarrow \{(1-P(E)\}\ \{(1-P)(F)\} = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow 1 + P(E)P(F) - P(E) - P(F) = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow 1 + \frac{1}{12} - [P(E) + P(F)] = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow P(E)+P(F)=\frac{7}{12}$ .....(iii)

(i) व (iii) को सरल करने पर

$P(E)=\frac{1}{3},\frac{1}{4}$ व $P(F)=\frac{1}{4},\frac{1}{3}$.

**16.** (d) माना $A$ वह घटना है जिसमें योग 5 आता है एवं $B$ वह घटना है जिसमें योग 7 प्राप्त होता है एवं $C$ वह घटना है जिसमें योग न तो 7 और न 5 आता है।

$P(A)=\frac{4}{36}$, $P(B)=\frac{6}{36}$ व $P(C)=\frac{26}{36}=\frac{13}{18}$

अतः $P(A, B$ के पहले आता है)

$=P[A$ या $(C\cap A)$ या $(C\cap C\cap A)$ या ..........]

$=P(A)+P(C\cap A)+P(C\cap C\cap A)+........$

$=P(A)+P(C).P(A)+P(C)^2P(A)+.........$

$=\frac{P(A)}{1-P(C)}$ (गुणोत्तर श्रेणी से) $=\frac{\frac{1}{9}}{1-\frac{13}{18}}=\frac{2}{5}$.

**17.** (c) अभीष्ट प्रायिकता

= $P$(7 से कम) + $P$ (विषम) + $P$(दोनों) – $P$(7$\cap$विषम) – $P$(7 $\cap$ दोनों) – $P$(विषम $\cap$ दोनों) + $P$(विषम $\cap$ 7 $\cap$ दोनों)

परन्तु $P$(दोनों) = $P$(7 $\cap$ विषम) = $P$(7 $\cap$ दोनों)

= $P$(विषम $\cap$ दोनों) = $P$(विषम $\cap$ 7 $\cap$ दोनों)

अतः अभीष्ट प्रायिकता = $P$(7 से कम) + $P$(विषम) – $P$(7 $\cap$ दोनों)

$P$(विषम) $=\frac{18}{36}=\frac{1}{2}$

$P$(7 से कम) $=\frac{15}{36}=\frac{5}{12}$, $P$(दोनों) $=\frac{6}{36}=\frac{1}{6}$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $=\frac{5}{12}+\frac{1}{2}-\frac{2}{12}=\frac{9}{12}=\frac{3}{4}$.

**18.** (d) माना I, II व III टेस्ट में विद्यार्थी के सफल होने की घटनाएँ $A, B$ व $C$ है, तो $P$(विद्यार्थी सफल है)

$P[(A\cap B\cap C')\cup(A\cap B'\cap C)\cup(A\cap B\cap C)]$

$=P(A\cap B\cap C')+P(A\cap B'\cap C)+P(A\cap B\cap C)$

$P(A).P(B).P(C')+P(A)P(B')P(C)+P(A)P(B)P(C)$

$\{\because A, B, C$ स्वतंत्र हैं$\}$

$=pq\left(1-\frac{1}{2}\right)+p(1-q)\left(\frac{1}{2}\right)+pq\left(\frac{1}{2}\right)=\frac{1}{2}p(1+q)$

$\Rightarrow \frac{1}{2}=\frac{1}{2}p(1+q)\Rightarrow p(1+q)=1$

इस समीकरण से $p$ व $q$ के अनन्त मान प्राप्त होते हैं।

**19.** (a) $P$ ($A$ अथवा $B$ में केवल एक घटित होती है)

= $P(A)+P(B)-2P(A\cap B)$ (दिया है) ....(i)

इसी प्रकार

P(B अथवा C में केवल एक घटित होती है)

$=P(B)+P(C)-2P(B\cap C)=p$ .....(ii)

तथा $P$($A$ अथवा $C$ में केवल एक घटित होती है

$P(A)+P(C)-2P(A\cap C)=p$ (दिया है) .....(iii)

(i), (ii) व (iii) को जोड़ने पर

$P(A)+P(B)+P(C)-P(A\cap B)-P(B\cap C)-P(C\cap A)=\frac{3p}{2}$ .....(iv)

$P$(तीनों घटनाएँ एक साथ घटित होती हैं )

$P(A\cap B\cap C)=p^2$ (दिया है) .....(v)

तीनों घटनाओं $A, B$ और $C$ में कम से कम एक के घटित होने की प्रायिकता)

$=P(A\cup B\cup C)=P(A)+P(B)+P(C)-P(A\cap B)-P(B\cap C)$
$-P(C\cap A)+P(A\cap B\cap C)$

$=\frac{3p}{2}+p^2$, [(iv) व (v) से].

**20.** (a) वेन आरेख से हम देख सकते हैं कि




$P(B\cap C)=P(B)-P(A\cap B\cap\overline{C})-P(\overline{A}\cap B\cap\overline{C})$

$=\frac{3}{4}-\frac{1}{3}-\frac{1}{3}=\frac{1}{12}$.

**21.** (b) माना चुने गये दो टिकटों पर योग 10 से अधिक न होने की घटना $A$ (अर्थात् $\le 10$) एवं उन पर योग न्यूनतम 5 होने की घटना $B$ (अर्थात् $\ge 5$) है तो हमें $P(B/A)$ ज्ञात करना है.

अतः $P(B/A) = \frac{P(A \cap B)}{P(A)} = \frac{n(A \cap B)}{n(A)}$

दो टिकटों पर संख्या $r$ प्राप्त करने के तरीके

$(x^1 + x^2 + x^3 + ........ + x^{100})^2$ में $x^r$ का गुणांक

$= x^2(1 + x + ....... + x^{99})^2$

$= x^2\left(\frac{1 - x^{100}}{1 - x}\right)^2 = x^2(1 - 2x^{100} + x^{200})(1 - x)^{-2}$

$= x^2(1 - 2x^{100} + x^{200})(1 + 2x + 3x^2 + .... + (r+1)x^r + .....)$

$x^2$ का गुणांक=1, $x^3$ का=2, $x^4$ का= 3,..... $x^{10}$ का 9 है।

अतः $n(A) = 1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 45$

व $n(A \cap B) = 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 39$

[$n(A)$ ज्ञात करने के लिये $x^2, x^3, ..........x^{10}$ के गुणांकों को जोड़ना होगा तथा $n(A \cap B)$ ज्ञात करने के लिये $x^5, x^6, ......... x^{10}$ के गुणांकों को जोड़ना होगा]

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{39}{45} = \frac{13}{15}$.

**22.** (a) माना $E_i$ घटना $A_i$ को 1 वर्ष में मर जाने को प्रदर्शित करती है, तो $P(E_i) = p$ व $P(E_i') = 1 - p$ $\{i = 1, 2, ...... n$ के लिए$\}$

$P(A_1, A_2, ......... A_n$ कोई न मरे)

$= P(E_1' \cap E_2' \cap ....... E_n') = P(E_1')P(E_2') ....... P(E_n') = (1-p)^n$

क्योंकि $E_1, E_2, ........ E_n$ स्वतंत्र घटनायें हैं। माना $E$ घटना $A_1, A_2, A_3, ...... A_n$ में से कम से कम एक के 1 वर्ष में मर जाने को प्रदर्शित करती है।

$P(E) = 1 - P(E_1' \cap E_2' \cap ........ \cap E_n') = 1 - (1-p)^n$

माना $F$ घटना, $A_1$ पहला मरने वाला व्यक्ति है, को प्रदर्शित करती है तो $P(F/E) = \frac{1}{n}$

एवं $P(F) = P(E).P(F/E) = \frac{1}{n}[1 - (1-p)^n]$.

**23.** (b) माना $A_1$ काले पत्ते के खो जाने की घटना है एवं $A_2$ लाल पत्ते खो जाने की घटना है एवं $E$ पहले 13 पत्ते लाल होने की घटना है।

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= P\left(\frac{A_1}{E}\right)$.

यहाँ $P(A_1) = P(A_2) = \frac{1}{2}$ चूँकि प्रारम्भ में काले व लाल पत्ते बराबर थे एवं $P\left(\frac{E}{A_1}\right) = \frac{^{26}C_{13}}{^{51}C_{13}}$ व $P\left(\frac{E}{A_2}\right) = \frac{^{25}C_{13}}{^{51}C_{13}}$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= P\left(\frac{A_1}{E}\right)$

$= \frac{P(E/A_1)P(A_1)}{P(E/A_1)P(A_1) + P(E/A_2)P(A_2)}$

$= \frac{\frac{1}{2}.\frac{^{26}C_{13}}{^{51}C_{13}}}{\frac{1}{2}.\frac{^{26}C_{13}}{^{51}C_{13}} + \frac{1}{2}.\frac{^{25}C_{13}}{^{51}C_{13}}} = \frac{2}{3}$.

**24.** (a) माना $P(W_i)$ और $P(B_i)$ क्रमशः $i$ वें बक्से से एक सफेद और एक काली गेंद निकालने की प्रायिकतायें हैं, जहाँ $i = 1, 2, 3$

अतः $P(W_1) = \frac{3}{4}, \ P(B_1) = \frac{1}{4}$

$P(W_2) = \frac{2}{4} = \frac{1}{2}, \ P(B_2) = \frac{2}{4} = \frac{1}{2}$

$P(W_3) = \frac{1}{4}, \ P(B_3) = \frac{3}{4}$

तीन बक्सों से दो सफेद और एक काली गेंद निम्न तीन तरीकों से निकाली जा सकती है

| | Box 1 | Box 2 | Box 3 |
|---|---|---|---|
| प्रकार 1 | $W$ | $W$ | $B$ |
| प्रकार 2 | $W$ | $B$ | $W$ |
| प्रकार 3 | $B$ | $W$ | $W$ |

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता

$= P(W_1)P(W_2)P(B_3) + P(W_1)P(B_2)P(W_3) + P(B_1)P(W_2)P(W_3)$

$= \frac{3}{4}.\frac{2}{4}.\frac{3}{4} + \frac{3}{4}.\frac{2}{4}.\frac{1}{4} + \frac{1}{4}.\frac{2}{4}.\frac{1}{4} = \frac{18 + 6 + 2}{64} = \frac{13}{32}$.

**25.** (d) यहाँ $^{100}C_{50}\, p^{50}(1-p)^{50} = {^{100}C_{51}}\, p^{51}(1-p)^{49}$

या $\frac{1-p}{p} = \frac{100\,!}{51\,!\,.\,49\,!} \times \frac{50\,!\,.\,50\,!}{100\,!} = \frac{50}{51}$

या $51 - 51p = 50p$

$\Rightarrow p = \frac{51}{101}$.

**26.** (d) $n$ का कोई भी मान इसे सन्तुष्ट नहीं कर सकता।

**27.** (a) यहाँ $\frac{P(X = r)}{P(X = n - r)} = \frac{^nC_r p^r (1-p)^{n-r}}{^nC_{n-r} p^{n-r} (1-p)^r} = \left(\frac{1}{p} - 1\right)^{n-2r}$

चूँकि $\frac{1}{p}-1>0$ अतः अनुपात $n$ व $r$, से स्वतंत्र होगा यदि $\frac{1}{p}-1=1$ या $p=\frac{1}{2}$.

**28.** (a) व्यक्ति अपनी प्रारम्भिक स्थिति से एक कदम आगे होगा यदि (i) या तो वह एक कदम आगे हो (ii) या एक कदम पीछे हो।

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= P(i)+P(ii)$

प्रथम स्थिति के लिये व्यक्ति 6 कदम आगे एवं 5 कदम पीछे चलता है। इस घटना की प्रायिकता $= {}^{11}C_6(0.4)^6(0.6)^5$.

दूसरी स्थिति के लिए व्यक्ति 6 कदम पीछे एवं 5 कदम आगे चलता हैं अतः इस घटना की प्रायिकता $= {}^{11}C_6(0.6)^6(0.4)^5$.

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= {}^{11}C_6(0.4)^6(0.6)^5+{}^{11}C_6(0.6)^6(0.4)^5$

$= {}^{11}C_6(0.4)^5(0.6)^5(0.4+0.6)= {}^{11}C_6(0.24)^5$.

**29.** (c) माना अखबारों की संख्या $n$ है, तो

$60\,n=300\times 5 \Rightarrow n=25$.

**30.** (a) $P(x>1.5)=1-P(x=0)-P(x=1)$

$P(x=k)=e^{-\lambda}\frac{\lambda^k}{k!}$

$\therefore\ P(x>1.5)=1-\frac{1}{e^2}-\frac{2}{e^2}=1-\frac{3}{e^2}$.